चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 154 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
27 नवंबर 2024
बुधवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
18 न्यूनतम


बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




## संसद के शीतकालीन सत्र की बार-बार बाधित हो रही कार्यवाही

# संभल से अडाणी तक संसद में हंगामा, गिरफ्तारी की मांग



**नईदिल्ली.एजेंसी**

अरबपति भारतीय बिजनेसमैन गौतम अडानी पर अमेरिकी रिपोर्ट में लगे आरोपों के बाद राहुल गांधी ने एक बार फिर अडानी को गिरफ्तार करने की मांग की है। आज संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए राहुल ने कहा- अडानी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें छोटे-मोटे आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। जब राहुल गांधी से पूछा गया कि अडानी ने तो सभी आरोपों को खारिज कर दिया है तो, इस पर राहुल गांधी ने कहा, आप किस दुनिया में रह रहे हो भाई, क्या आपको लगता है कि अडानी अमेरिका के इस अभियोग को मानेंगे। इससे पहले 21 नवंबर को भी राहुल गांधी ने अडानी पर तीखा हमला करते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। राहुल ने कहा था कि अडानी 2 हजार करोड़ रुपये के घोटाले और कई अन्य मामलों में नाम आने के बावजूद वह खुलेआम घूम रहे हैं, क्योंकि उन्हें पीएम मोदी का संरक्षण है। अब यह बिल्कुल स्पष्ट और स्थापित हो चुका है कि अडानी ने भारतीय कानून और अमेरिकी कानून दोनों को तोड़ा है। मुझे आश्चर्य हो रहा है कि अडानी इस देश में एक स्वतंत्र व्यक्ति की तरह क्यों घूम रहे हैं.

इधर, लोकसभा में भी विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही थोडी ही देर बाद दोपहर बारह तक स्थगित रही। विपक्ष अदाणी, संभल हिंसा, मणिपुर और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर नारेबाजी कर रहा था और प्रश्नकाल भी नहीं चलने दिया गया। वहीं राज्यसभा भी हंगामे के चलते सुबह स्थगित हो गई है। ज्ञात हो कि संसद शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हुआ है। पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया था। दूसरे दिन कल संविधान दिवस के अवसर पर हुए खास आयोजन की वजह से सदनों की कार्यवाही नहीं हुई थी। आज सदन की कार्रवाई शुरू होते ही हंगामा हो गया।

### लालू भी कर चुके हैं यही मांग

राजद चीफ लालू प्रसाद यादव भी अडानी की गिरफ्तारी की मांग कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि राहुल सही कह रहे हैं। लालू ने इस मामले को देश की साख से जुड़ा बताया था।

## अमेरिका के अदालती मामले में अडाणी का नाम नहीं, देश के सबसे बड़े वकील ने मैदान संभाला



**नई दिल्ली।** अरबपति भारतीय कारोबारी गौतम अडानी और उनकी कंपनी पर लगाए आरोपों पर कंपनी ने कहा है कि रिश्वतखोरी के आरोपों से जुड़ी खबरें निराधार और गलत हैं। अमेरिकी भ्रष्टाचार प्रैक्टिस एक्ट के तहत आरोप खबरों में कोई सच्चाई नहीं हैं। गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर या विनीत जैन पर यूएस डीओजे के अभियोग या यूएस एसईसी की सिविल शिकायत में निर्धारित मामलों में एफसीपीए के किसी भी उल्लंघन का आरोप नहीं लगा है। इस मामले में अब देश के सबसे बड़े वकील और पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी ने कहा है कि अमेरिकी जांच में जो आरोपपत्र है उसमें गौतम अडानी पर आरोप नहीं लगाए गए हैं।

अडानी ग्रीन ने कहा है कि ये जानकारी बुधवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में भी दी गई है। इसमें कहा गया है कि गौतम अडानी, सागर अडानी या विनीत जैन पर नहीं, बल्कि अमेरिकी न्याय विभाग के अभियोग में केवल अज़ूर और सीडीओक्यू अधिकारियों पर रिश्वतखोरी का आरोप लगा है। ग्रुप की कंपनी के अधिकारियों पर रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाली सभी रिपोर्ट्स में गलत दावे हैं।

**क्या है पूरा मामला?:** दरअसल न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में सुनवाई के दौरान गौतम अडानी की कंपनी पर यूएस में निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने और एक सोलर एनर्जी कॉन्ट्रेक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को मोटा रिश्वत देने का आरोप लगा है। इसमें कहा गया है कि 2020 से 2024 के बीच अडानी ग्रीन और एज्योर पावर ग्लोबल को ये सोलर प्रोजेक्ट दिलाने के लिए गलत रूट से भारतीय अधिकारियों 265 मिलियन डॉलर (करीब 2236 करोड़ रुपये) को रिश्वत दी गई।



## तब उद्धव अब शिंदे

# भाजपा के सामने फिर 5 साल पहले वाला सीन

### सीएम का मामला बुरी तरह उलझा

**मुंबई.एजेंसी**

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर सियासी घमासान सतह से ऊपर आने लगा है। भाजपा इसे लेकर पशोपेश में पड़ गई है। शिवसेना और भाजपा में खींचतान के बीच आज खबर है कि भाजपा देवेंद्र फडणवीस को सीएम बनाने के निर्णय पर अड़ गई है तो एकनाथ शिंदे ने भी डिप्टी सीएम पद लेने से इंकार कर दिया है। जबकि भाजपा हाइकमान किसी भी तरह के दबाव में आने के मूड में नहीं है। शिवसेना और एनसीपी को स्पष्ट मैसेज दे दिया गया है कि महाराष्ट्र में अगली सरकार बीजेपी के नेतृत्व में ही बनेगी। पांच साल पहले उध्दव ठाकरे ने भी यही दावेदारी करके भाजपा को मुश्किल में डाला था।

भाजपा आज शाम तक यह मुद्दा सुलझाने बैठी है। इसके बाद वह कल गुरुवार को मुंबई में विधायक दल की बैठक में फडणवीस के नाम पर मुहर लगाना चाहती है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को पार्टी ने पर्यवेक्षक नियुक्त किया। सरकार बनाने का फॉर्मूला भी तैयार हो चुका है। महाराष्ट की नई सरकार में भाजपा को 20,शिवसेना को 12 और और अजित पवार को पावर मिनिस्ट्री समेत 10 मंत्रालय दिए जाएंगे। मगर मौजूदा सीएम शिंदे का रुख गतिरोध पैदा कर रहा है। उनके पास 59 विधायक हैं।

### बिहार पैटर्न से इनकार

शिवसेना के सांसद और अन्य नेताओं ने कहा है कि विधानसभा का चुनाव शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया इसलिए उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शिवसेना सांसद नरेश महास्के ने महाराष्ट में बिहार पैटर्न लागू करने की मांग की। बिहार में जेडीयू को कम सीट मिली थी, मगर सीएम का पद नीतीश कुमार को दिया था। मगर भाजपा इस पर कतई तैयार नहीं। जबकि पुणे और मुंबई में पोस्टरबाजी भी चल रही है।

# 500 गोलियां व रॉकेट लांचर भी नहीं भेद सकेंगी पप्पू की गाड़ी!

### दोस्त ने दी बुलेटप्रूफ कार

**पूर्णिया, एजेंसी**



बिहार के पूर्णिया से लोकसभा सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से लगातार जान से मारने की धमकी मिलने के चलते उनकी सुरक्षा बढ़ गई है। खास यह कि यह सुरक्षा सरकार ने नहीं बल्कि पप्पू यादव के एक के चाहने वाले दोस्त ने बढ़ाई है। यादव के एक करीबी दोस्त ने उन्हें बुलेट प्रूफ लैंड क्रूजर गिफ्ट की है। यह लैंडक्रूजर पप्पू यादव के पूर्णिया स्थित अर्जुन भवन कार्यालय में कल देर रात पहुंची। अब पप्पू यादव इसी लैंड क्रूजर में अपनी यात्रा करते नजर आ रहे हैं। बुलेट प्रूफ लैंड क्रूजर में बैठने के बाद पप्पू यादव ने कहा कि भले सरकार उनकी सुरक्षा पर ध्यान न दे लेकिन उनके दोस्त और पूरे बिहार व देश मेरी सुरक्षा के लिए खड़े हैं। यादव ने ऐलान किया कि जो लैंड क्रूजर गाड़ी उन्हें गिफ्ट में मिली है उसे रॉकेट लॉन्चर भी उड़ा नहीं सकता। इसमें लीड और पॉलीकार्बोरेटेड के मिश्रण से बने बुलेट प्रूफ बैलेस्टिक ग्लास को लगाया जाता है जिस पर आम तौर पर 500 राउंड गोलियां झेलने करने की क्षमता है। बुलेट प्रूफ लैंड क्रूज़र के अंदर और बाहर फ्रेम पर बैलेस्टिक लेयर लगाया गया जाता है ताकि यह कोई बड़ा धमाका भी झेल सके। गाड़ी का चक्का भी विशेष रूप से बनाया गया है, जिसपर बुलेट का असर नहीं होता। गौरतलब है, एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की मुंबई में हत्या के बाद से पप्पू यादव को लगातार लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर जान से मारने की धमकी मिल रही है। पूर्णिया में स्थित उनके आवास अर्जुन भवन को उड़ाने तक की धमकी दी गई है।

# भीषण सड़क हादसे में हुई पांच डॉक्टरों की मौत

**कन्नौज.एजेंसी**

उप्र के कन्नौज में आज तड़के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में पांच डॉक्टरों की मौत हो गई, जबकि एक बुरी तरह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि डिवाइडर से टकराने के बाद स्कॉर्पियो दूसरे लेन में पहुंच गई और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। स्कॉर्पियो सवार लोग लखनऊ से एक शादी समारोह अटेंड करने के बाद देर रात वापस सैफई जा रहे थे। घायल को इलाज के लिए सैफई के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# कैंसर: सिद्धू के दावे पर 850 करोड़ का नोटिस

**रायपुर.एजेंसी**



पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने 850 करोड़ रुपये का लीगल नोटिस भेजा है। सोसाइटी के संयोजक डॉ कुलदीप सोलंकी का कहना है कि नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने अपनी पत्नी नवजोत कौर सिद्धू द्वारा कैंसर के चौथे स्टेज की बीमारी को चालीस दिनों में मात देने का दावा किया। सिद्धू ने दावा किया है कि बिना ऐलोपथी दवाओं के ही सिर्फ अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में परिवर्तन कर उनकी पत्नी ने कैंसर को मात दी है। सोसाइटी का कहना है कि कैंसर मरीजों को भ्रमित किया जा रहा है। इससे ऐलोपैथी मेडिसिन से उनका विश्वास उठ रहा है। सोसाइटी ने लीगल नोटिस भेजकर सात दिनों के भीतर इलाज के डाक्यूमेंट पेश करने और माफी मांगने की मांग की है।

**मेट्रो एंकर**

## आईआईटी छात्रा व बुजुर्ग महिला भी लुटी

# समझदार भी फंस रहे...डिजिटल अरेस्ट के मामले बेकाबू



**गाजियाबाद, एजेंसी**


पुलिस के तमाम अनुरोधों और खुद प्रधानमंत्री द्वारा भी सतर्कता व संयम की अपीलों के बाद भी लोग लगातार साइबर फ्रॉड के शिकार हो रहे हैं। अब आईआईटी मुंबई में पढ़ाई कर रही 25 वर्षीय एक छात्रा डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनकर 7.29 लाख रुपये गंवा बैठी। छात्रा को साइबर बदमाशों ने करीब 24 घंटे तक हॉस्टल के कमरे में नजरबंद करके रखा था। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने टेलीकॉम कंपनी का अधिकारी बन छात्रा के आधार कार्ड से संबंधित 17 शिकायतें मिलने की बात कही। उसको कथित शिकायती-पत्र भी दिखाया, जिसे देखकर वह डर गई और आरोपी के खाते में 29,500 रुपये जमा कर दिए। फिर किसी वर्दी वाले का कॉल आया, जिसने मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर मनी लांड्रिंग के केस में नाम होने की धमकी देकर छात्रा से बैंकिंग जानकारी ली। जांच होने तक बाहरी संपर्क बंद कर कमरे में बंद रहने को कहा और उसके खाते से 7 लाख रुपये निकाल कर गायब हो गया। वहीं दूसरे मामले में दक्षिण मुंबई निवासी 77 वर्षीय एक महिला को आईपीएस अधिकारी और ईडी अधिकारी बनकर साइबर अपराधियों ने एक महीने तक उसको उसके ही घर में नजरबंद करके रखा। इस दौरान आरोपियों ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार करने की धमकी देकर महिला से 3.8 करोड़ रुपये ठग लिए। महिला को अनजान व्यक्ति ने वाट्सएप कॉल कर उसके नाम से ताइवान से एक पार्सल आने और उसमें पांच पासपोर्ट, एक बैंक कार्ड, चार किलो एमडी ड्रग्स मिलने की बात कही। महिला को डराने के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा जारी फ़ज़ी नोटिस भी भेज दिया था।

### डिजिटल अरेस्ट से कैसे बचें

- प्राइवेसी सेटिंग्स को ऑन करें और मजबूत पासवर्ड का उपयोग कर नियमित रूप से उसको बदलते रहें। टू स्टेप वेरिफिकेशन करके रखें।
- सोशल मीडिया पर सीमित जानकारी साझा करें। ऑनलाइन लेन-देन की जांच करते रहें और निजी जानकारी को सार्वजनिक न करें।
- अनजान लिंक, अटैचमेंट और फिशिंग ई-मेल से बचें। बिना मतलब किसी सर्च इंजन पर अनाप-शनाप चीजों को सर्च न करें।



## 29 से इज्तिमा, रोशनी से जगमग हुआ पांडाल













**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** इस्लाम की सही तालीम को आमजन तक पहुंचाने के लिए होने वाले सालाना आयोजन आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आयोजन 29 नवबर से होगा। इसके लिए आयोजन स्थल ईंटखेड़ी में 300 एकड़ में पंडाल लगाया है। जहां जमातों के ठहरने की व्यवस्था होगी। चार दिनी आयोजन में लाखों लोग शिरकत करेंगे।

# प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो शुरू करने अफसरों को दिया 7 माह वक्त



## 15 किमी के रूट पर कई काम बाकी, पटरी पर दौड़ने से पहले कई बाधा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी में मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर कमर्शियल रन शुरू करने के लिए मेट्रो प्रबंधन इन दिनों एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। क्योंकि अभी प्रायोरिटी कॉरिडोर के सुभाष नगर डिपो से लेकर रानी कमलापति तक ही मेट्रो दौड़ाने की स्थिति है, लेकिन इसको आगे एम्स तक चलाने की योजना है, इसलिए अधिकारी इन दिनों खूब भाग-दौड़ कर रहे हैं। मेट्रो के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य ने एम्स, अलकापुरी, डीआरएम ऑफिस स्टेशन और सुभाष नगर डिपो का निरीक्षण भी किया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर हाल में जून 2025 से पहले प्रायोरिटी कॉरिडोर के सभी काम पूरे हो जाने चाहिए। स्टील ब्रिज पर ट्रैक बिछाने का काम जितनी जल्दी हो सके, उसको पूरा करो।

बताया जाता है कि एम्स स्टेशन में एंट्री-एग्जिट गेट,अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस स्टेशन पर अन्य जरूरी निर्माण अभी बाकी हैं। इन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। सिस्टम रूम्स, टेलीकॉम इक्विपमेंट रूम, सिगनलिंग रूम, स्टेशन कंट्रोल रूम, टिकट रूम, स्टोर आदि के काम भी चल रहे हैं। ने रानी कमलापति स्टेशन से डीआरएम ऑफिस स्टेशन को जोड़ने वाले स्टील ब्रिज और कम्पोजिट ब्रिज पर शेष बचे ट्रैक का भी पूरा नहीं हुआ है। जल्द सुभाष नगर से एम्स स्टेशन तक ट्रेन टेस्टिंग आदि की भी तैयारी है।

खास बात यह है कि मेट्रो को पिछले साल विधानसभा चुनाव के पहले दौडाने की योजना थी लेकिन कई काम नहीं हुए और प्रतीक के रूप में तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कुछ मीटर मेट्रो में सफर भर किया। अब जिस प्रायोरिटी कॉरिडोर पर जोर दिया जा रहा है वह लगभग 15 किलोमीटर लंबा है। अफसरं का दावा है कि प्रायोरिटी कॉरिडोर का सिविल वर्क लगभग पूरा हो गया है। अब अंदरूनी काम चल रहे हैं। आगामी जून में सीएमआरएस को बुलाया जाएगा, इसलिए प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम तय समय सीमा में पूरा करना है। फिर सेफ्टी सर्टिफिकेट मिलने के बाद ही प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो का संचालन शुरू होगा।

## ‘रिसर्च में एआई के उपयोग’ पर कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल की वैज्ञानिक और साहित्यिक सोसाइटी ने छात्रों को अनुसंधान के मूल सिद्धांतों और आगे बढ़ने में एआई की भूमिका से परिचित कराने के लिए रिसर्च की मूल बातें और रीसर्च में एआई के उपयोग पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल की डीन डॉ. कविता एन. ने किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी और चिकित्सा को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, कॉलेज ने इस अवसर पर राष्ट्रीय संवैधानिक दिवस मनाने की शुरुआत की। कार्यक्रम में डॉ. अतुल श्रीवास्तव के द्वारा जानकारी दी गयी की शोध में क्या शामिल है और इसे कैसे संचालित किया जाता है, इस पर गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय की एथिक्स समिति का उल्लेख किया . डॉ ताहिर अली, जिन्होंने ह्द्ह्यद्द्ड्ह्ष्द्ध में एथिक्स समिति की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। डॉ. रुचि टंडन (सलाहकार) और इफ्रा खान (सचिव) और साइंटिफिक एंड लिटरेरी सोसाइटी की टीम के सदस्यों ने इस कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसने छात्रों को शोध के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के द्वारा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में शोध कार्यों की उच्च गुणवत्ता एवं मानकों का स्थापित करने में सहायता होगी.

### कुटुंबकम् थीम पर आधारित रहा मिठी स्कूल का वार्षिकोत्सव

## सोशल मीडिया से दूर रहें मन लगाकर पढ़ें: सिद्धभाऊजी





**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के द्वि-दिवसीय रजत जयंती वार्षिकोत्सव वसुधैव कुटुंबकम् थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक पांडे प्रांत संघचालक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, मध्य प्रांत थे। उन्होंने कहा कि अधिकार और कर्तव्य एक-दूसरे के पूरक हैं। वसुधैव कुटुंबकम् वास्तव में भारतीय संस्कृति की ही अवधारणा है। इसका प्रादुर्भाव इस धरा से ही हुआ है और फिर ये सब जगह फैल गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों में विद्यालय के पूर्व छात्रों डॉ. मोहित दादलानी एवं विश्वजीत प्रताप सिंह ने भी अपने विचार रखे।

संस्था के प्रमुख सिद्धभाऊजी ने कहा छात्र को मन लगाकर अध्ययन करे और सोशल मीडिया से दूर रहें। इससे वे प्रतियोगात्मक युग में अच्छे पदों पर पहुंच सकें तथा वे स्वयं को और अपने परिवार को एक अच्छी एवं आरामदायक ज़िंदगी प्रदान कर सकें। वसुधैव कुटुंबकम थीम पर छात्रों ने विभिन्न महाद्वीपों की संस्कृतियों को एक ही मंच पर प्रस्तुत करके समाज को यह संदेश दिया कि देश चाहे अलग-अलग हो पर हम सभी एक ही वैश्विक परिवार का हिस्सा है। सातों महाद्वीप की संस्कृति को छात्रों ने बड़े जोश और उत्साह से ड्रिल डांस, चार्ली चैपलिन, हिप हॉप, मैक्सिकन डांस, भारतीय लोक नृत्य व नाटकीय मंचन के माध्यम से अपनी प्रतिभा को उजागर किया। कार्यक्रम में लगभग 600 छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह द्वारा विद्यालय की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

## संविधान स्थापन दिवस स्पर्धा

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत नगर के साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय संत हिरदाराम नगर भोपाल में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग भाषण प्रतियोगिता सेल्फी प्वाइंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाषण में विद्यार्थियों ने संविधान में नागरिकों के कर्तव्य नागरिकों के अधिकार आदि पर चर्चा की महाविद्यालय कला संकाय के सहायक प्राध्यापक श्याम शाक्य ने संविधान की बारीकियां पर चर्चा की। रसायन शास्त्र विभाग की डॉक्टर सुप्रिया दास ने कार्यक्रम का संचालन किया। आभार हिंदी विभाग डॉक्टर रेनू रावत ने व्यक्त किया।

## इस बार नवंबर सबसे ज्यादा सर्द बीत रहा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी में नवंबर में ही कड़ाके की सर्दी का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। शहर में पिछले पांच दिनों से लगातार न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। पिछले 24 साल में पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है, जब नवंबर में लगातार पांच दिन तापमान 10 डिग्री से कम रहे हैं। राजधानी में मंगलवार को मौसम शुष्क रहा। लगातार पांचवें दिन भी शहर का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। मंगलवार को अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम 9.8 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार के मुकाबले न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2000 के बाद यह पहली बार है जब लगातार न्यूनतम तापमान पांच दिनों तक 10 डिग्री के नीचे बना हुआ है। इसके पहले 16 नवंबर 2013 में एक दिन तापमान 9 डिग्री पर पहुंचा था, जबकि 2009 में लगातार 21 और 22 नवंबर को न्यूनतम तापमान 9.6 और 9.9 डिग्री रहा था।

## मानस का समापन चौपाइयों से हवन



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने दो माह से कर रहे रामचरित मानस पाठ पूर्ण होने पर चौपाइयों से हवन किया। कार्यक्रम में गणेश महाराज जी की आरती रामायण की आरती हनुमान महाराज जी की आरती कर प्रसादी वितरण किया गया। हवन करने वालों में समाजसेवी महेश खटवानी हरीश देवानी हनी देवानी वासु देवानी गुरदास रामचंदानी राजकुमार गर्ग राजकुमार धानुक मानव देवानी नमन देवानी मानसी देवानी रिषि देवानी राधा देवानी रिद्धि देवानी नवया देवानी पूनम देवानी आदि उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** | संस्कार स्कूल में हनुमान चालीसा पाठ के साथ संविधान दिवस मनाया

## ‘संविधान सुरक्षित रहे यह सभी की जिम्मेदारी’

**हिरदाराम नगर. एजेंसी**

संस्कार स्कूल में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ के साथ संविधान दिवस मनाया गया। स्कूल के सचिव बसंत चेलानी एवं कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव उपस्थित होकर एक हजार बच्चों के साथ अनुशासन में स्वरबद्ध हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में चेलानी ने कहा कि आज संविधान स्थापना दिवस पर मैं यही कहना चाहुंगा कि हमें अपने अधिकारों से साथ अपने कर्तव्यों का भी निर्वहन करना चाहिए एवं इसके साथ हमारा संविधान सुरक्षित रहे यह हम सब की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित होकर बच्चों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।



### किसानों को बिजली कंपनी की नसीहत

# बिना कनेक्शन के उपयोग न करें बिजली, भुगतान की रसीद जरुर लें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गेहूं की बोवनी का सीजन है, किसानों को अस्थाई बिजली कनेक्शन की जरुरत पड़ रही है। अब तक हजारों किसान कनेक्शन भी ले चुके हैं, कुछ लेने वाले हैं। इस बीच बिजली कंपनियों ने सलाह जारी कर किसानों को बिना कनेक्शन के बिजली उपयोग न करने की सलाह दी है। यह भी कहा है कि यदि कनेक्शन ले रहे हैं तो ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करें। यदि यह संभव न हो तो नगद भुगतान की रसीद तुरंत लें।

**– कई बार मैदानी स्तर पर अमले और किसानों की सांठगांठ के कारण कंपनियों को उठाना पड़ चुका है नुकसान**

**– कर्मचारी भी उठाने हैं किसानों की मजबूरियों का फायदा, कनेक्शन के नाम पर करते हैं वसूली**



## नसीहत की वजह

असल में बिजली कंपनियों के संज्ञान में आता रहा है कि कई बार ऐसे प्रकरण सामने आ चुके हैं जब किसानों से अस्थाई कनेक्शन के नाम पर रुपये ले लिए जाते हैं लेकिन उन्हें रसीद नहीं दी जाती या फिर उनसे अधिक रुपये ले लिए जाते हैं और रसीद कम रुपये की देते हैं। वे क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारियों के भरोसे रहते हैं। इसी बीच बाहर से विजिलेंस टीम आकर बिजली चोरी का केस बना देती है। तब किसानों के पास रसीद दिखाने के लिए नहीं होती। किसान बाद में शिकायत करते हैं और उलझन में पड़ जाते हैं। ऐसी किसी भी तरह की फजीहत से बचने के लिए कंपनियों ने पहले से सतर्क किया है।

## इससे ज्यादा ने दें अस्थाई कनेक्शन के लिए राशि

- थ्री फेज तीन हार्स पावर के लिए तीन माह के 5 हजार 503, चार माह के लिए 7 हजार 225 एवं 5 माह के लिए 8 हजार 946 रुपये देने होंगे–
- 5 हार्स पावर के लिए तीन माह के 8 हजार 946, चार माह के लिए 11 हजार 814 एवं 5 माह के लिए 14 हजार 683 रुपये देने होंगे।
- साढ़े सात से आठ हार्स पावर के लिए तीन माह के 14 हजार 109, चार माह के लिए 18 हजार 699 एवं 5 माह के लिए 23 हजार 289 रुपये लगेंगे।
- थ्री फेज दस हार्स पावर के लिए तीन माह के 17 हजार 552 रुपये, चार माह के लिए 23 हजार 289 रुपये व पांच माह के लिए 29 हजार 26 रुपये देने होंगे।

# किसान संकट में, सीएम सात समुंदर पार: पटवारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें देश की खेती-किसानी पर गहरा आघात कर रही है। एक तरफ किसानों को पर्याप्त समर्थन मूल्य नहीं दिया जाता, दूसरी ओर उन्हें समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया जाता। साथ ही खेती की लागत इतनी बढ़ा दी गई है कि किसानों का लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है। प्रदेश के किसान कई-कई दिनों तक खाद लेने के लिए कतारों में ख? हैं। भाजपाई सत्ता की बर्बरता के चलते पुलिस की लाठियां खा रहे हैं और मध्य प्रदेष के मुख्यमंत्री इसका संज्ञान लेने की अपेक्षा सात समुंदर पार सत्ता का लुफ्त उठा रहे हैं। पटवारी ने कहा कि डीएपी खाद का गहरा संकट है। प्रदेश में रबी सीजन में भारत सरकार द्वारा 8 लाख मेट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराने की सहमति प्रदान की थी। मगर दुर्भाग्यपूर्ण है कि 20 नवंबर 2024 तक मात्र 4.57 लाख मेट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराई गई और अब तक प्रदेश में मात्र 2.91 लाख मेट्रिक टन डीएपी का विक्रय किया गया। यह स्पष्ट है कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने खेती को और किसानों की आमदनी को गहरे संकट में डाल दिया है।

## मप्र को मिला गोपाल रत्न पुरस्कार

**भोपाल।** राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर नई दिल्ली के मानेक शॉ सेंटर में आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश को पहली बार राष्ट्रीय गोकुल पुरस्कार मिला। मस्त्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, प्रो. एसपी सिंह बघेल और राज्य मंत्री जार्ज कुरियन ने मंगलवार को पटलावदा (शाजापुर) के किसान देवेंद्र सिंह परमार को गोपाल रत्न पुरस्कार-2024 के द्वितीय स्थान के लिए सम्मान दिया।

# मप्र की औद्योगिक खासियतों की लंदन में ब्रांडिंग, मुख्यमंत्री यादव का रोड शो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दुनियाभर के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए फरवरी-2025 को भोपाल में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आमंत्रित करने के अभियान पर निकले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यूके (लंदन) के रोड-शो में उद्योगपतियों के इंटरैक्टिव सेशन को संबोधित किया। उन्होंने उद्योगपतियों को बताया कि प्रदेश का लैंड बैंक देश के सबसे बड़े लैंड बैंकों में से एक है। मध्य प्रदेश में निवेश नीतियां स्पष्ट और निवेशकों के लिए अनुकूल हैं। खनन एवं कृषि क्षेत्र में मध्य प्रदेश देश में सबसे आगे है।




इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश÷ विषय पर हुए इन्टरैक्टिव सेशन में उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा आपदाओं के बाद भी भारत और इंग्लैंड के संबंधों में निरंतरता है क्योंकि लोकतंत्र की हमारी साझी विरासत है। विदेश में निकलने से पहले हमने राज्य की स्थितियों को सुधारा और देश भर के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने का अभियान चलाया। परिणामस्वरूप प्रदेश में हजारों करोड़ का निवेश संभव हुआ।

### निवेश की अपार संभावना

भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दोराईस्वामी ने कहा कि भारत में अब सिर्फ केंद्रीय प्रशासन ही नहीं, राज्य भी उद्योग मित्र नीतियां बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश ईज आफ डूइंग बिजनेस की दृष्टि से देश के टॉप-5 राज्यों में शामिल है। दोराईस्वामी ने कहा कि मध्य प्रदेश देश के मध्य में स्थित है, इसलिए यहां उद्योग स्थापित करने पर उत्पादों को देश-दुनिया में आसानी से भेजा जा सकता है।

**बढ़िया माहौल:** अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश में वायब्रेन्ट टेक इको सिस्टम राज्य सरकार आईटी में निवेश के लिये सहायता प्रदान करती है। मध्यप्रदेश की आईटी/आईटीएस एवं ईएसडीएम नीति-2023 एवं स्टार्टअप नीति से इन क्षेत्रों में उद्यमियों को कई सुविधाएं दी जा रही हैं।



## नाराज कांग्रेस पार्षद दल संभागआयुक्त से मिला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** नगर निगम परिषद की बैठक दो महीने से नहीं होने से नाराज कांग्रेस पार्षद दल ने संभागआयुक्त से मिलकर इस मुद्दे पर बात की और ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी, पार्षद योगेंद्र सिंह चौहान आदि ने संभागआयुक्त से मांग की, कि वे नगर निगम आयुक्त को परिषद की बैठक बलाने के संबंध में निर्देश दें।

# सरकारी नर्सिंग कॉलेज भी मान्यता मामले में कसौटी पर फिसले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सरकारी नर्सिंग कॉलेज भी मान्यता की कसौटी पर खरे नहीं उतर रहे हैं। प्रदेश के 24 सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में से 15 का मान्यता नवीनीकरण मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने जारी कर दिया है। शेष नौ की मान्यता पर अभी भी असमंजस है। उधर, नर्सिंग कॉलेज प्रारंभ करने के लिए संचालक संस्था यानी स्वयं का 100 बिस्तर का अस्पताल होने की अनिवार्यता हाईकोर्ट द्वारा इस वर्ष के लिए खत्म किए जाने के बाद 100 और आवेदन आ चुके हैं। इसके पहले 300 आवेदन आए थे। इस तरह कुल 400 आवेदनों की प्रारंभिक जांच में

### इस बार भी घट सकती है सीटें

लगभग 175 कॉलेज नवीनीकरण के योग्य पाए गए हैं। नवीनीकरण योग्य कॉलेजों की वास्तविक संख्या आवेदनों का अंतिम परीक्षण करने के बाद ही सामने आएगी। दरअसल, सीबीआइ ने जिन कॉलेजों को उपयुक्त माना था, उनमें भी कई कॉलेज संचालक नवीनीकरण कराने के इच्छुक नहीं हैं। इस कारण उन्होंने आवेदन नहीं किया है। बताया जाता है कि सरकार ने तय किया है कि सत्र 2024-25 में नए कॉलेज नहीं खोले जाएंगे। सीबीआइ व हाई कोर्ट द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट के आधार पर मान्यता का नवीनीकरण किया जाना है। निजी कॉलेजों के मान्यता नवीनीकरण की सूची एक सप्ताह में जारी होने की उम्मीद है। सत्र में जीएनएम (डिप्लोमा) और बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए कर्मचारी चयन मंडल से पहले ही प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। इसी आधार पर कॉलेजों में प्रवेश होंगे। हालांकि, इस बार कॉलेजों की संख्या कम रहने से सीटें 10 हजार से कम ही रहने की उम्मीद है। नर्सिंग कॉलेजों का फर्जीवाड़ा उजागर होने के पहले वर्ष 2020-21 तक 40 हजार से अधिक सीटें रहती थीं।

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of the Dy. General Manager (Vigilance) Division, Under Gm (O&M) Circle, Bhopal
E-mail : dgmvigfs26@gmail.com

GM/O&M/VIG/ENQ/2024-25/353 — Bhopal, Date : 26.11.2024

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invites offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicles in the following locations.

| Name of unit/Office | Particulars | Due Date of Submission of offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|
| Office of The (Vig.) Dn. Under (O&M) Circle Bhopal | Mahindra New Bolero Jeep (AC Model 2024) | 10.12.2024 up to 3:00 PM | 10.12.2024 at 3:30 PM |

Other details, terms and conditions are available on company website: **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/117529/2024 — **DGM (VIG) O&M**



## संपादकीय

# आरोपों से बढ़ी मुश्किल

देश के चर्चित और कई बार सियासी दौर पर विवादित अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी पर अमेरिकी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने और भारत में अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोप ऐसे समय सामने आए हैं,जब भारत में शेयर बाजार कईज्ञ तरह की अनिश्चितता से गुजर रहा है। समझदार निवेशक हर हलचल पर निगाह रखे हैं। ऐसे में अडाणी विवाद फिर राजनीति से लेकर बाजार तक सबको हिला रहा है। हालांकि ये अभी आरोप ही हैं, जिनका अडाणी ग्रुप ने जोरदार खंडन किया है। इस ग्रुप से जुड़ा पिछला विवाद अमेरिका के ही एक प्राइवेट एनालिस्ट फर्म हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर था, जिसमें इस ग्रुप पर अपने शेयरों के भाव गलत ढंग से चढ़ाने का आरोप लगाया गया था। मगर इस बार मामला किसी प्राइवेट पार्टी का नहीं बल्कि अमेरिकी नियामक सिक्यॉरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन का है। अमेरिकी अभियोजकों के मुताबिक, अडानी ग्रुप ने भारत में अपने सोलर एनर्जी प्रॉजेक्ट्स के कॉन्ट्रैक्ट्स हासिल करने के लिए अधिकारियों को करीब 2200 करोड़ रुपये की रिश्वत दी और अमेरिकी निवेशकों को गुमराह किया। इन तमाम आरोपों की गंभीरता इस बात से भी साबित होती है कि उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ न्यूयॉर्क में गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुका है। यह बात सही है कि यह जांच-पड़ताल आखिरकार कहां पहुंचेगी इस बारे में फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता और यह भी कि सिक्यॉरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन विवाद में पड़ने वाली कंपनियों की सूची में सीमेंस, पेट्रोब्रास, हॉलिबर्टन और गोल्डमैन सैक्स जैसे बड़े-बड़े नाम शामिल रहे हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि अडानी ग्रुप की आगे की राह आसान साबित होने वाली है। ताजा विवाद का पहला प्रत्यक्ष प्रभाव यह हो सकता है कि अमेरिका में निवेश जुटाना इस ग्रुप के लिए कम से कम आने वाले कुछ समय के लिए खासा मुश्किल हो जाए। अन्य देशों में भी इसके प्रॉजेक्ट्स के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। इसका उदाहरण केन्या से आई वह खबर है, जिसके मुताबिक वहां की सरकार ने अमेरिकी कमिशन के आरोपों के बाद अडानी ग्रुप से जुड़ी करीब 2.5 बिलियन डॉलर की डील कैंसल कर दी। बहरहाल, संभव है कि समूह को अदालतों में जीत भी हासिल हो जाए। यह भी सवाल है कि जनवरी में डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद संभाल लेने तथा न्याय विभाग में कई पदों पर नियुक्तियां बदलने के बाद भी इस मामले में क्या अभियोजन जारी रहेगा। इसके बावजूद जब तक यह प्रक्रिया चलेगी अदाणी समूह तथा उसकी कंपनियों को इसकी कीमत चुकानी पड सकती है। क्योंकि इस समूह को पहले ही 60 करोड़ डॉलर की बॉन्ड बिक्री को निरस्त करना पड़ा है। समूह के कई उपक्रम शायद अब नजर ही नहीं आएं। लेकिन ऐसे समूह के लिए, जो ऐसे क्षेत्रों में काम करता है जहां पैसे जुटाने और राजनीतिक जोखिम कम करने की क्षमता अहम है, ऐसी खबर को आसानी से भुलाया नहीं जा सकता है। समूह को अपने नाम को बनाए रखने और मौजूदा तथा मुनाफे में चल रहे उपक्रमों को इसके नकारात्मक असर से बचाने के लिए अब कड़ी मेहनत करनी होगी। उसे अदालती प्रक्रियाओं के साथ भी पारदर्शी ढंग से सहयोग करना होगा। यह भारत के राष्ट्रीय हित का भी मामला है। वैसे अडाणी समूह की प्रतिष्ठा को पहुंची यह क्षति किसी एक समूह तक सीमित नहीं है। बल्कि वेदांत रिसोर्स ने भी बाजार में अस्थिरता को देखते हुए डॉलर बॉन्ड बिक्री की योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया है। भारतीय अधिकारियों को यह समझने की जरूरत है कि उनका अमेरिकी समकक्षों के साथ सूचनाओं को समय से साझा करना जरूरी है। ऐसा करके ही भारतीय व्यवस्था में विश्वास बहाल किया जा सकेगा

# 'जन-जन के सम्मान का प्रतीक हमारा संविधान'

■ नरेंद्र सिंह तोमर




26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकार करते हुए भविष्य के भारत की विकास यात्रा के लिए जो लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समतावादी राष्ट्र को परिभाषित करने वाले आधारभूत दस्तावेज को अंगीकार किया था, आज वह अपने अमृतकाल में प्रवेश कर रहा है। यह समय है अपनी संवैधानिक व्यवस्था पर गर्व व्यक्त करने का। हमारा संविधान-हमारा सम्मान है। संविधान को राष्ट्र को समर्पित करते हुए भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था ' संविधान महज वकीलों का दस्तावेज नहीं है, यह जीवन का माध्यम है और इसकी भावना सदैव युग की भावना है। ' और यदि हम स्वतंत्र भारत में संवैधानिक प्रावधानों की महत्ता को देखें तो पाते हैं कि पिछले सात दशकों में, इसने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के माध्यम से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित किया है - जो भारत के शासन के मूल सिद्धांत हैं।

हमारे संविधान का आधार स्तंभ इसकी प्रस्तावना है। हमारा संविधान ही प्रारंभ होता है - ' हम भारत के लोग' वाक्य के साथ, अर्थात यहां मैं नहीं हम की भावना के साथ राष्ट्र का एक-एक जन, गणतंत्र के लिए प्रतिबद्ध है। संविधान की प्रस्तावना में ही जन कल्याण का ध्येय है और इसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की भावना पूरी तरह से निहित है।

हमारे संविधान की एक सबसे प्रमुख विशेषता यह है कि यह जितना कठोर है उतना ही लचीला भी है। समय-समय पर काल, परिस्थितियों, राष्ट्र, जन कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए संविधान स्वयं में संशोधन की क्षमता रखता है। सितंबर 2024 तक हमारे संविधान में कुल 106 संशोधन हो चुके हैं और इन संशोधनों ने संविधान की शक्ति को ओर अधिक बढ़ाने का कार्य ही किया है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में विगत दस वर्षों में सरकार ने संविधान में पूर्ण निष्ठा के साथ जन कल्याण की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया है। यह दशक संविधान के




लोकहित में सशक्त होने का समय था। संविधान में इस दौरान किए गए संशोधन न केवल ऐतिहासिक है अपितु राष्ट्र की प्रगति एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण को गति प्रदान करने वाले भी रहे हैं। संविधान का 106 वां संशोधन, इस देश की आधी आबादी अर्थात नारी शक्ति के सशक्तिकरण को समर्पित है।

दशकों से लंबित महिलाओं के हक की एक मांग को श्री नरेंद्र मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनयिम 2023 के माध्यम से साकार किया है। लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण भारत में महिला नेतृत्व को एक नया आयाम देता है। 5 अगस्त 2019 को संविधान में हुआ संशोधन स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा ऐतिहासिक निर्णय माना जा सकता है।जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लिए संविधान में प्रावधानित अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाए जाने से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का ' एक देश, एक विधान, एक प्रधान' का संकल्प स्वतंत्रता के 70 वर्ष उपरांत पूर्ण हो पाया। यह श्री नरेंद्र मोदी जी की दृढ़ निर्णय शक्ति का ही परिणाम है कि धरती का स्वर्ग कहे जाने वलो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भी देश के बाकी हिस्सों के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

तीन आपराधिक क़ानून- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता को लागू करके भारत सरकार ने दंड के स्थान पर न्याय की अवधारणा को धरातल पर उतारा है। अंग्रेजों के समय के कानूनों को समाप्त करके उनके स्थान नए नए आपराधिक कानूनों के लागू होने से समकालीन चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपटने और लोक आशाओं को ज्यादा पूर्ण करने की शक्ति प्राप्त हुई है। ये नए आपराधिक कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देते हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के चिंतन में सदैव पहली प्राथमिकता कमजोर वर्ग को सशक्त कर उसे समाज की मुख्य धारा मे लाने की रही है। संविधान के 103 वें संशोधन के माध्यम से वर्ष 2019 में भारत सरकार ने सामान्य वर्ग के कमजोर आर्थिक वर्ग वाले परिवारों को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय लयिा है। यह समाज के कमजोर वर्ग के सशक्तकिरण में मील का पत्थर है।

मुस्लिम महिला ( विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 ने भारतीय मुस्लिम बहनों के जीवन में रोशनी का एक नया सूरज उगाया है। तीन तलाक जैसी कुप्रथा के अंत से मुसलिम महिलाओं को अब समाज में बराबरी का अधिकार मिला है। संवधिान में यह संशोधन मोदी की दृढ़ संकल्प शक्ति का प्रतीक है ।

इसके साथ ही जीएसटी के माध्यम से एक देश एक कर की अवधारणा को लागू करने के लिए संविधान का 101 वां संशोधन, वर्ष 2019 में संविधान के 104 वें संशोधन के जरिए अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति को आरक्षण प्रदान करने की व्यवस्था को 10 वर्ष और बढ़ाने जैसे कदम सरकार की जन कल्याण और प्रगति में गहरी निष्ठा को स्थापित करते हैं।

7 जून 2024 को श्री नरेंद्र मोदी जी ने मोदी-3 सरकार की शुरूआत करते हुए संसंद के सेंट्रल हॉल में संविधान की पवित्र पुस्तक को माथे से लगाकर नमन किया था। यही दृश्य पांच साल पहले मोदी-2 के समय भी दृषटिगत हुआ था। नरेंद्र मोदी जी की भारतीय संविधान में आस्था न केवल इन दृश्यों से अपति उनके हर निर्णय से स्वतः परिलक्षित हो रही है। हम सभी को देश के नागरिक के रूप में अपने कर्तव्य पालन में संविधान के प्रति आस्था रखते हुए कार्य करना चाहिए। हमें सदैव अपने कर्तव्य का पालन और अधिकारों का यथोचित उपयोग करना चाहिए।

अमृतकाल में विकसित भारत की ओर अग्रसर हमारे राष्ट्र को हमारे संवैधानिक मूल्य सशक्त और समृद्ध करते हैं।

**(लेखक मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं। )**

# हिन्दुओं में विचारों की क्रांति जगाने निकल पड़े बागेश्वर वाले बाबा

■ रवीन्द्र व्यास

बुंदेलखंड से ही 1857 के पहले आजादी की चिंगारी फूटी थी , यह बुंदेलखंड ही है जहा के महराजा छत्रसाल ने मुगलों को करारी शिकस्त दी थी । अब उसी बुंदेलखंड से हिंदुत्व को जगाने का अभियान एक युवा बाबा कर रहा है। मंच छोड़ अब मैदान में आकर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री हिंदू एकता पद यात्रा कर रहे हैं । पुष्य नक्षत्र में गुरुवार 21 नव से शुरू यह चेतना पद यात्रा 160 किलोमीटर दूर ओरछा रामराजा सरकार के मंदिर मे 29 नवम्बर को यात्रा का समापन होगा पदयात्रा को लेकर उनका संकल्प बहुत बडा है जब तक वह हिंदुओं को जगा नहीं देंगे तब तक यात्रा करते रहेंगे । उनकी इस यात्रा में लाखों हिन्दू सड़क पर उनके साथ कंधे से कंधे मिलकर चल रहा है। हालंकि देश के कुछ मौलाना इस यात्रा को बंद कराने की मांग भी कर रहे हैं । देश के जाने माने संत अनिरुद्धाचार्यजी कहते हैं कि देश में आजादी के बाद पहली बार बुंदेलखंड से देश बचाने और सनातन हिन्दू राष्ट्र के लिए इतनी विशाल पद यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने सभी से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा शुरू की गई एकता यात्रा को समर्थन की अपील की। उन्होंने उदाहरण देकर यह भी समझाया कि अगर सनातन कमजोर होगा तो इसका असर सिर्फ हिन्दुओ ही नहीं बल्कि ,सिख, जैन ,बौद्ध धर्म के मानने वालों पर भी पड़ेगा ।

बीते तीन दशकों में भारत में सनातन और हिंदुत्व की राजनीति देश में मजबूत हुई है । इसे मजबूती भी ऐसे ही नहीं मिली है इसके पीछे बाकायदा एक वैचारिक संघर्ष और संगठन ,और साधु संतों का योगदान माना जाता है । समाज में हिंदुत्व के प्रति बढ़ती स्वीकारता को लेकर देश के कुछ लोगों के मन की बेचैनी भी देखने को मिली । इसके बाद उन्होंने एक नया खेल देश-प्रदेश में शुरू किया , सनातनियों को जाति और वर्ग में बाटने का । आये दिन कोई ना कोई नेता हिन्दुओं की धार्मिक आस्था पर चोट पहुंचाने का दुःसाहस करता है । यही कारण है कि सनातनियों की धर्म संसद से



लेकर बाबा बैरागी मैदान में आ गए । और अब वे जाति ,सम्प्रदाय से परे समस्त हिन्दू के एकीककरण के सम्बन्ध बनाने की बात कह रहे हैं । उनके इस एकीकरण अभियान से जातीय जनगड़ना की मांग कर हिन्दुओं को विभाजित करने वालों को जरूर आघात पहुंच रहा है । बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कहते हैं ट्ठ जो श्रद्धा के 36 टुकड़े होने पर भी मौन है ? रामायण की जलती प्रतियां देखकर भी जो मौन है ? 2005 तक वक्त बोर्ड के पास सिर्फ कुछ हजार एकड़ जमीन थी आज लाखों एकड़ जमीन है पर एक शब्द नहीं निकला । 500 साल से राम मंदिर के लिए जो हिंदू कोर्ट में लड़ रहा । भगवान कृष्ण को जन्म भूमि पर बैठने नहीं दिया जा रहा । बहराइच में गोली मार दी जाती है । कोलकाता की डॉक्टर बेटी को रेप कर मार दिया जाता है । गजवा ए हिंद सुनकर भी जो चुप है । जिन्होंने आदर्श और हेमराज जैसे बच्चों को मार दिया हिंदुओं के मुंह से चूं तक की आवाज नहीं निकली देश में ऐसे सोए हुए हिंदुओं को कौन जगाएगा ।।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हिन्दुओं में जात पात को मिटाने , भेदभाव को दूर करने और इसे भारत का सबसे बड़ा कैंसर रोग बता रहे हैं । वे इस बात पर भी अपनी सहमति जताते हैं कि मंदिरों में पुजारी भी किसी भी जाति के बनाये जा सकते हैं । अब चूंकि यह निर्णय पीठ के शंकराचार्य ही ले सकते इसलिए उनसे बात करेंगे। देश में पूर्व में भी जातियां थी पर जातिवाद नहीं था । देश में क्यों यह है क्योंकि यह एक तरह का स्किल डेवलपमेंट की व्यवस्था थी । उनकी इस बात से देश के अनेकों संत सहमति जताते हैं । राजनीति चमकाने के लिए जातियां नहीं है देश में ।। इसलिए हम कहते हैं कि देश में सिर्फ दो जातियां बने एक अमीर की एक गरीब की । अनिरुद्धाचार्य जैसे संत ने साफ़ कहा कि देश को वोट के लोभियों ने जात पात में बांटा है । बांग्लादेश में हिन्दुओं की दुर्दशा ने उन्हें विचलित किया और वे अब तो करो या मरो की बारी है क्योंकि भारत पर संकट भारी है जैसी बात कहने को मजबूर हुए । हम भारत के लोगों को हिंदुओं को बांग्लादेश जैसा जलता हुआ बिखरता हुआ नहीं देख सकते। हम हिंदुओं को एक करने निकले हैं। संत अनिरुद्धाचार्य कहते हैं कि बांग्लादेश का हाल देख रहे हो, बँगला देश से हिन्दू खदेड़े गए , पाकिस्तान से ,अफगानिस्तान से खदेड़े गए । अब अगर ऐसी ही स्थिति रही और हम सोते रहे तो ,भारत से खदेड़े गए तो कहाँ जाओगे ? सनातन संस्कृति के लिए महाराज जी बब्बर शेर है। सनातन धर्म से ही अच्छे भारत औरसनातन राष्ट्र का निर्माण होगा, सदियों बाद कोई चाणक्य सामने आया है जिसने सारी दुनिया में भारत का ,सनातन का ध्वज फहराया है ।

दरअसल भारत में हिन्दुओं को जगाने की जरुरत क्यों साधु संतो और राष्ट्र के प्रति समर्पित लोगों को लगने लगी । इसके पीछे अतीत की सरकारों के वे कारनामे हैं जिन्होंने अपनी सत्ता कायम रखने के लिए हिन्दुओं को तोड़ा और मुस्लिमो को जोड़ा । संविधान में 1976 में 42वां संशोधन किया गया। इसकी प्रस्तावना में % धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया । जबकि संविधान की प्रस्तावना के साथ छेड़ छाड़ का अधिकार किसी को नहीं था । 2013 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एक कानून बनाया था,कि कोई मुसलमान खड़ा होकर कह दे कि यह जमीन हमारी है ,तो कोई इस पर कुछ नहीं कर सकता ,अंबानी के घर को कह दिया कि यह वक्त बोर्ड की जमीन पर बना है कोर्ट में अपील भी नहीं कर सकता ऐसा कानून किस तरह संविधान सम्मत हो सकता है ? वक्फ बोर्ड बनाकर कांग्रेस के यह सारे कृत्य इस देश में सिर्फ इस लिए हुए ताकि एक पंथ विशेष के लोगों को प्रसन्न किया जा सके और उन के वोट के सहारे अपनी कुर्सी यथावत कायम रखी जा सके । इतना ही नहीं बाद में कोंग्रेसी सरकारों ने ऐसे ऐसे कानून बनाये कि सनातन धर्म के मानने वालों को लगने लगा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो हमें या तो धर्म बदलना पडेगा अथवा देश छोड़ने को मजबूर होना पडेगा । ऐसे में जब योगी ने नारा दिया बाटोगे तो काटोगे तो लोगों ने इसे सही समय पर सही नारा माना और देश के आये चुनाव परिणाम ने इसकी पुष्टि कर दी ।

यही कारण है कि बुंदेलखंड के बागेश्वर धाम के संत धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जब कहते हैं भारत हिंदू राष्ट्र था, है और रहेगा । हिन्दुओं की यात्रा में देश के बड़े बड़े साधू संत , नेता ,अभिनेता और देश की मूर्धन्य हस्तियां चार दिन की यात्रा में सम्मलित हो चुकी हैं । ऐसे में कई धर्मों के मठाधीशों , राजनैतिक दलों के नेताओं के पेट में दर्द होने लगता है । ऐसे दौर में उनकी यह यात्रा कितने हिन्दुओं को जाग्रत कर पाएगी यह तो वक्त बातयेगा । उनकी यह यात्रा हिन्दुओं की चेतना यात्रा के साथ सामाजिक समरसता की भी एक बड़ी यात्रा बन रही है । अबतक की जो स्थतियाँ सामने आई हैं वह इसी ओर इशारा कर रही हैं । मामला चाहे बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति पर माला चढ़ाने का हो अथवा राह में मिले छतरपुर नगर का हो । लोगों ने उनके अभियान का समर्थन किया ,और इसे आज के समय में आवश्यक भी बताया ।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**नदी के किनारे के पेड़, दूसरे आदमी के घर में एक महिला और बिना सलाहकार के राजा निस्संदेह तेजी से विनाश के लिए जाते हैं।**


**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1001: हिंदू शासक जयपाल को आक्रमणकारी महमूद गजनी ने हराया।
- 1095: पोप अर्बन द्वितीय ने पहले क्रूसेड (धर्मयुद्ध) का उपदेश दिया।
- 1795: पहले बांग्ला नाटक का मंचन।
- 1807: पुर्तगाल के शाही परिवार ने नेपोलियन की सेना के भय से लिस्बन छोड़ा।
- 1815: पोलैंड साम्राज्य ने संविधान अपनाया।
- 1895: अल्फ्रेड नोबेल ने नोबेल पुरस्कार की स्थापना की।
- 1912: अल्बानिया ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
- 1932: पोलैंड और तत्कालीन सोवियत संघ ने अनाक्रमण समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- 1949: जबलपुर के निवासियों ने चंदा इकट्ठा करके नगर पालिका प्रांगण में सुभद्रा कुमारी चौहान की आदमकद प्रतिमा लगवाई। प्रतिमा का अनावरण कवयित्री और उनकी बचपन की सहेली महादेवी वर्मा ने किया।
- 1966: उरुग्वे ने संविधान अपनाया।
- 1995: मिर वेनेजुएला जौकेलीन एग्वीलेरा मार्कानो 'मिस वर्ल्ड' 1995 चुनी गईं।
- 2000: फ्लोरिडा में डाले गये मतों की गिनती में जार्ज बुश 537 मतों से जीते। फ्लोरिडा में जीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर जार्ज बुश जूनियर का दावा।
- 2002: बेलारूस के तत्कालीन प्रधानमंत्री जेनेदी वी नोवित्सकी भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे।
- 2004: अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के तत्कालीन अध्यक्ष जुआन सोमाविया भारत की यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे।
- 2007: पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने अपने सैनिक साथियों से विदाई ली।
- 2008: छठा वेतन आयोग देने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बना।

## निशाना

### हम भी करें प्रहार !



-कृष्णेन्द्र राय

दो हमको अधिकार ।
लड़नी और लड़ाई ।।
करते आए, करना है ।
आप की भलाई ।।
दे दो इतनी सीटें ।
हम भी करें प्रहार ।।
और प्यार बरसा कर ।
पहनाओ फिर हार ।।
डाल रहे वो बाधा ।
करते जो भी काम ।।
वादा है निभाया ।
किए जो तमाम ।।
ना रूकना है हमको ।
यूं ही चलते जाना ।।
भले पूर्व में हमने ।
है भरा हर्जाना ।।

### एसपी ने बताया सायबर अपराध से कैसे बचें और क्या-क्या बरतें सावधानियां

# इंवेस्टीगेशन एजेंसियों के नाम पर डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए एडवाइजरी जारी

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह ने आजकल हो रहे डिजिटल अरेस्ट के संबंध में आम नागरिकों को जागरूक करने की जानकारी दी है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इंट्रोडक्शन / परिचय पिछले कुछ समय से एक विशेष प्रकार के सायबर अपराधों की शिकायत देखने में आ रही है। जिसमें आम नागरिकों को किसी इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (पुलिस, सीबीआई, ईडी, एनआईए, कस्टम) एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी के नाम से कॉल व्हाट्सअप कॉल करके बड़े पैमाने पर ठगी की जा रही है।

#### सायबर अपराधी की कार्यप्रणाली

1. सायबर अपराधी कॉल या व्हाट्सअप कॉल के माध्यम से संपर्क करते है यह काल अधिकांशतः पाकिस्तान के एस टी डी कोड (92) नबर या किसी अन्य देश के नंबर (191 के अतिरिक्त) से आते है।
2. संदिग्ध व्यक्ति आपको कॉल करते हुए यह कहते है कि आपके पेन आधार कार्ड का उपयोग करके पार्सल भेजा गया है। जिसमें नारकोटिक्स (नशीली) सामग्रिया है।
3. जालसाज NCB/ CID/ED/ NIA आदि इंवेस्टिगेशन एजेंसी के अधिकारी के नाम से बदल-बदल कर कभी कॉल, कभी व्हाट्सअप विडियो कॉल करते है और कहते है कि उन्होंने आपके नाम से एक पार्सल पकड़ा है जिसमें नारकोटिक्स (नशीली) सामग्रियां है।
4. जालसाजों द्वारा कभी आपको कोर्ट फीस देने या जमानत देने के नाम से अथवा आपका नाम कैस से हटाने के नाम से पैसों की मांग की जाती है।
5. कभी-कभी विडियो कॉल पर पुलिस अधिकारी से भी बात करने को कहते है। विडियो कॉल पर रहते हुए आपको एक फर्जी नोटिस दे दिया जाता है। जिसमें आपको डिजिटल अरेस्ट करते हुए घर में ही रहने को कहा जाता है और कहा जाता है कि अपने आप को किसी कमरे में बंद कर लें तथा उनके सभी सवालों के जवाब दें। यह भी कहा जाता है कि कैमरे के सामने ही रहना है. कमरे में यदि कोई और आया तो आप दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
6. धीरे-धीरे आपको और अधिक डराया जाता है और आपकी निजी, खातों व विभिन्न इन्वेस्टमेंट की जानकारी आपसे ली जाती है। अंत में यह कहकर शायद आपको गलत फंसा दिया गया है. आप जांच पूरी होने तक अपना पैसा आरबीआई भारत सरकार के खाते में जमा कर दें. जो जांच पूरी होने के बाद आपको लौटा दिया जाएगा। इस पूरी कार्यवाही के दौरान आपको न ही किसी से संपर्क करने का मौका दिया जाता है, न ही बाहर जाने दिया जाता है. इस प्रकार आपसे मोटी रकम जमा करा ली जाती है।



#### ये सावधानियां बरतें

1. अंजान नंबर जो खासकर +92 से शुरु होते हो , से आने वाले कॉल, व्हाट्सअप कॉल विडियो कॉल, टेलीग्राम कॉल न उठाएं।
2. भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई नियम नहीं है। अतः किसी के कहने पर या डर से खुद को कहीं बंद न करें।
3. अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाते संबंधी, आधार आदि जानकारी किसी के साथ साझा न करें।
4. कोई भी संस्था आपका निजी पैसा किसी भी शासकीय खाते में जमा करने या सुरक्षित करने की सलाह नहीं देता। अतः कभी भी अपना पैसा किसी अंजान खाते में ट्रांसफर न करें।
5. यदि आपके साथ इस प्रकार का सायबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में या www.cybercrime.gov.in या Cyber Crime Help line (Toll Free No.) 1930 या नर्मदापुरम सायबर फ्राड हेल्पलाईन नं. 7049126590 पर शिकायत दर्ज करें।

## प्रसूता की मौत के मामले में 2 नर्सिंग ऑफिसर निलंबित, 2 डॉक्टरो को किया नोटिस जारी

**सिवनी मालवा।** ग्राम बासनीया कला की पूजा साहू पति संतोष साहू की जिला अस्पताल नर्मदापुरम में 16 नवंबर को ऑपरेशन कर डिलीवरी कराई गई थी जिसमें पूजा साहू ने एक बेटे को जन्म दिया था तथा 23 नवंबर को पूजा की अस्पताल से छुट्टी की जा रही थी उस समय नर्स द्वारा इंजेक्शन लगाया गया था। इंजेक्शन लगाने के उपरांत पूजा को तत्काल चक्कर आ गए एवं उसके शरीर पर हरे निशान हो गए थे एवं नाक से झाग निकलने लगा था। उपस्थित नर्स एवं डॉक्टर द्वारा पूजा को आईसीयू ले गए और तत्काल तत्काल बाद पूजा को मृत घोषित कर दिया गया था। उक्त प्रकरण में प्रथम दृष्टि में दोषी पाए जाने पर सीएमएचओ द्वारा नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती कंचना खंडागरे एवं श्रीमती निकिता मोहकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है एवं जिला चिकित्सालय के डॉक्टर मोहनी गुप्ता एवं डॉ वैशाली सिसोदिया को शोकाज नोटिस जारी किया गया है। साहू समाज की इस बिटिया की दर्दनाक मौत के बाद पूरे प्रदेश के साहू समाज के लोगों ने चरण बद्ध तरीके न्याय को लेकर ज्ञापन सौंपा जा रहा हैं। बीते दिनों नर्मदा पुरम ओर खातेगांव के साहू समाज के लोगों ने भी प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सोपा था।



मृतका पूजा साहु

## डॉ. तोमर ने संविधान दिवस पर शपथ दिलाई



**नर्मदापुरम।** दी एमरल्ड इंटरनेशनल स्कूल में संविधान दिवस पर विद्यार्थियों एवं टीचर्स को शपथ दिलाई गई. साक्षरता मिशन एवं सर्व शिक्षा अभियान के डिस्ट्रिक्ट ब्रांड एंबेसडर व कैरियर काउंसलर (जिला रोजगार कार्यालय) यूनिसेफ डिस्ट्रिक्ट आइकॉन डॉ मयंक तोमर द्वारा दिलाई गई शपथ कार्यक्रम में सर्व प्रथम संविधान निर्माता भारत के पहले कानून मंत्री बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जलित कर किया गया. तत्पश्चात स्कूल डायरेक्टर डॉ आदिल फ़ाज़ली द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित कर बाबासाहेब अंबेडकर के जीवन वृतांत एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम के अतिथि डॉ मयंक तोमर द्वारा संविधान की विस्तृत जानकारी दी गई.मंच संचालन स्कूल कोऑर्डिनेटर सुश्री अंजली दुबे ने किया व आभार स्कूल कोऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति पटेल ने व्यक्त किया.

## राजपूत बने कर्मचारी महासंघ सेवा सहकारिता समिति के जिला अध्यक्ष



**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

सहकारिता मप्र समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल के जिला अध्यक्ष के चुनाव हुए इसमें अध्यक्ष के लिए पांच उम्मीदवार थे। चुनाव अधिकारी ने पांचों उम्मीदवारों के फॉर्म सबमिट किए। चार लोगों ने फॉर्म वापस ले लिए। सर्वसम्मति से भगवान सिंह राजपूत समाजसेवी ग्राम नंदनवाड़ा समिति प्रबंधक को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। बता दें कि इसके पहले श्री वर्मा जिला अध्यक्ष थे चुनाव अधिकारियों की सर्वसम्मति से चुनाव नियम अनुसार कराए गए। सुनील कुमार मालवी, मुकेश गौर, गोविंद राजपूत को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। उनकी देखरेख और नियम के अनुसार सभी शासकीय नियमों को देखते हुए चुनाव अधिकारी ने सिवनी मालवा के ग्राम नंदनवाड़ा समिति प्रबंधक भगवान सिंह राजपूत को मध्य प्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ भोपाल का नर्मदापुरम जिले का अध्यक्ष सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है।

भगवान सिंह राजपूत को कर्मचारी महासंघ सेवा सहकारिता समिति का जिला अध्यक्ष नियुक्त करने पर पिपरिया, सिवनी मालवा, नर्मदा पुरम, सुहागपुर, बनखेड़ी, सेमरी, बाबई, शोभापुर, केसला सुखतवा सहित सभी सहकारिता समिति के कर्मचारियों अधिकारियों ने बधाई दी। इसके पहले सुरेश वर्मा जिला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष थे।

#### प्रदेश प्रतिनिधि बनने पर वर्मा को बधाई

वहीं इधर मध्यप्रदेश कर्मचारी महासंघ भोपाल जिला इकाई नर्मदापुरम के सहकारिता कर्मचारियों के प्रदेश प्रतिनिधि पद पर निर्विरोध मनोनित किए जाने पर सुरेश कुमार वर्मा प्रबंधक सावलखेड़ा समिति को बधाई दी। उन्हें प्रदेश प्रतिनिधि मंडल भोपाल में प्रतिनिधि बनाया गया है। सभी कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## सुरेंद्रजीत सिंह सर्व समाज जन सेवक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त हुए



**नर्मदापुरम।** विगत दिवस सर्व समाज जन सेवक संगठन के संभागीय सम्मेलन में उपस्थित हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव द्वारा डॉक्टर सुरेंद्र जीत सिंह को प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाया गया. इस अवसर पर उपस्थित हुए ग्वालियर भिंड मुरैना जबलपुर बालाघाट इंदौर उज्जैन एवं नर्मदापुरम संभाग के सदस्यों एवं पदाधिकारी ने डॉक्टर सुरेंद्र जीत सिंह को बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया. सामाजिक समरसता के संरक्षक के एस राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ सुरेंद्रजीत सिंह की समाज सेवा में सक्रियता एवं सामाजिक समरसता के पवित्र चिंतन में उनकी सहभागिता निश्चित ही जनहित के कार्यों में कारगर सिद्ध होगी. संभागीय अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह का स्नेह प्रेम आप हम सबके बीच में बना रहे.

## संविधान दिवस पर अपर न्यायाधीश ने दिलाई शपथ



**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

सविधान दिवस पर स्थानीय न्यायालय परिसर मे शपथ समारोह आयोजित किया गया। जिसमे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने सभी को सामूहिक रूप से संविधान को अंगीकृत और आत्मार्पित करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था। इसीलिए 26 नवंबर को समुचे भारत मे संविधान दिवस के रूप मे मनाया जाता है। न्यायालय के मध्यस्थता केंद्र मे आयोजित शपथ समारोह मे उपस्थित न्यायाधीश गण श्री मती साहंगी दुग्गल, न्यायाधीश सरोज डेहरिया, जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनोज जाट, लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती वंदना जाट, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा, अधिवक्ता एम एस पाटनी, ओ पी शर्मा, आदित्य ठाकुर, शेखर पुरोहित, पुष्पेंद्र बुंदेला, समीउल्ला शाह, मनीष बाथव, चंचल शास्त्री, सोनू पाठक, शिव यादव सहित सभी अधिवक्तागण के अलावा नगरपालिका अध्यक्ष रिंकू जैन, अमरसिंह उइके उपस्थित रहे। समारोह मे अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनोज जाट ने सविधान के विषय मे विस्तार से बताया। वही 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली साल की अंतिम नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती खान ने कहा कि हम सभी इस साल की अंतिम लोक अदालत मे प्रयास करके अधिक से अधिक समझौता योग्य प्रकरणो मे पक्षकारो को समझाइस देकर समझौता का प्रयास करे। उन्होंने मध्यस्थता जागरूकता के लिए भी अधिवक्ताओं से विस्तृत चर्चा की।

### जीनियस प्लेनेट में मनाया गया संविधान दिवस

**इटारसी।** जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रार्थना सभा में संविधान दिवस का कार्यक्रम प्रस्तुत किया, इस कार्यक्रम का प्रारंभ पूर्व छात्रा खुशी सिद्दीकी, जो दिल्ली विश्वविद्यालय की बी ए पोलिटिकल हॉनर्स द्वितीय वर्ष की छात्रा है, के द्वारा संविधान के आवश्यकता और उसके मूल्यों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। खुशी द्वारा विद्यालय पुस्तकालय के लिए भेंट स्वरूप भारतीय संविधान की एक किताब भी प्रदान की गई। कक्षा 10 वी और कक्षा 11 वी के विद्यार्थियों के द्वारा संविधान क़ो बनाने के दौरान संविधान सभा में हुए वाद विवाद हुए, उन वाद विवादों क़ो एकांकी के रूप में प्रस्तुत किया द्य विद्यार्थियों ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू, के. एम. मुंशी एवं श्रीमती सरोजनी नायडू के द्वारा किए गए संवाद एवं वाद विवाद की आलौकिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सुंदर संवादित करने का कार्य आस्था ठाकुर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला संचालकद्व जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी के साथ स्कूल प्राचार्य विशाल शुक्ला उपस्थित रहे द्य सम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्थित रूप रेखा अमरीन खान द्वारा बनाई गई थी। कार्यक्रम का सफल आयोजन में स्कूल स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।



## आँगनबाड़ी में हम होंगे कामयाब कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश शासन महिला एवम् बाल विकास विभाग केसला की आंगन बाडी तवानगर-80 में मंगल वार को हम होगे कामयाब कार्य क्रम का आयोजन किया गया. कार्य क्रम मे आँगन बाडी सुपरवाइजर मेडम चेतना ढिवरे द्वारा जेंडर संवेदन शीतला और जेंडर आधारित मुददों पर विस्तृत जानकारी दी गयी जिसमें बालक बालिका समान है इनमें कोई भेद भाव नहीं किया जाना चाहिए ।पुलिस विभाग से महिला आरक्षक सुश्री किरण चौहान द्वारा महिलाओं के अधिकार व कर्तव्यो के बारे में घरेलू हिंसा पर विस्तृत जानकारी दी गयी.आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि दिलीप देशमुख वा श्रीमति सुनीता ईवने सूर्यकान्ता विशेष रूप से उपस्थित थी ।आँगन वाडी कार्यकर्ता नफीसा के द्वारा गुड टच बेड टच के बारे में समझाईश दी गई. कार्यक्रम में मन्जू सराठे रितु पथौरिया सोनम शकुन्तला नागवंशी अजरा सहायिका दीपा आठनेरे व क्षेत्रीय महिलाए उपस्थित थी ।



## पांडेय ने दिलाया विश्वास, संगठन आपके साथ, कर्मचारियों ने जताया भरोसा

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

सोमवार वेस्ट सेंटर रेलवे मजदूर संघ के मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे ने ली, सेवा निवृत दिग्गज तिरंगा झंडा के सभी भूतपूर्व पदाधिकारी के साथ अहम बैठक बैठक में मुख्य रूप से अशोक दुबे, एम आई कुरेशी,एच एस तिवारी,भगवती वर्मा,शेख रमजान,दिनेश सिंह याकूब अली के साथ सैकड़ो की संख्या में सेवानिवृत्ति रेलवे कर्मचारी जो वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के कद्दावर नेता थे। उन्होंने मंडल अध्यक्ष को अवगत कराया कि हम सभी इस चुनाव में आहुति प्रदान करेंगे एवं चीनी झंडे का पिंडदान करेंगे,सभी अपने-अपने विभागों के कर्मचारी के पास जाकर प्रेरित करेंगे, कि गाय पर मोहर लगाकर वेस्ट सेंटर रेलवे मजदूर संघ को विजई बनाएं क्योंकि आगामी समय में लाल झंडा चीनी संगठन एनपीएस और यूपीएस के जन्मदाता एवं दूसरे संगठन प्रशासन से मिले हुए हैं, ओल्ड पेंशन स्कीम दिलाने के लिए केवल अशोक शर्मा के नेतृत्व में नेशनल फेडरेशन ऑफ़ इंडियन रेलवे मेंस ही कार्य कर रही है। संगठन युवा रेलवे कर्मचारियों को बेवकूफ बना रहे हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण ईसीसी बैंक



**मेट्रो एंकर** नर्मदा तट पर चलाया सफाई अभियान

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की महिलाओं ने की कलेक्टर से मुलाकात

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा हर रविवार नर्मदा जी के घाटों की साफ सफाई का अभियान शुरू किया गया है यह एक सराहनीय कार्य है। आप लोगों ने जो संकल्प लिया है उसे नर्मदा पुरम की अन्य महिला भी जागृत होंगी। मैं आपके कार्य से बहुत प्रभावित हूं और मुझे जब भी समय मिलेगा तो मैं इस साफ सफाई अभियान में जरूर शामिल होंगी। यह बात कलेक्टर सोनिया मीणा ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारी से कहीं । महासभा के पदाधिकारी मंगलवार को कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। कलेक्टर ने कहा कि यहां महिलाएं बहुत एक्टिव हैं मैं मातृ शक्तियों के कार्य से बहुत प्रभावित हूं समाज का यह कार्य सराहनीय है। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता का संदेश जो समाज द्वारा समाज में जा रहा है जिससे लोगों में समाज की को देखकर प्रेरणा लेंगे इसके साथ ही महासभा के पदाधिकारी डीआईजी प्रसाद खरे से भी मिलने पहुंचे इस मौके पर महासभा की जिला अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति वर्मा , श्रीमती प्रीति खरे जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती सुमन वर्मा महासचिव, श्रीमती ख्याति सक्सेना सचिव, श्रीमती रश्मि वर्मा सहसचिव, उषा वर्मा मार्गदर्शक सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान महासभा के पदाधिकारी डीआईजी प्रशांत खरे से भी मिलने पहुंचे। इस मौके पर डीआईजी प्रशांत खरे ने कहा कि कायस्थ महासभा द्वारा अभियान चलाया जा रहा है यह सराहनीय है सभी समाजों को इनसे प्रेरणा लेकर साफ सफाई का कार्य करना चाहिए। डीआईजी प्रशांत खरे ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का यह स्वच्छ भारत अभियान अच्छा काम है इसके लिए समाज के सभी लोग बधाई के पात्र हैं । श्री खरे ने कहा कि ऐसे कार्य समाज करता है तो समाज को अन्य लोगों को भी इससे जोड़ना चाहिए। नीतू श्रीवास्तव ने कहा कि अभियान के दौरान सभी घाटों की सफाई की जाएगी। रविवार को यह अभियान चलेगा और पदाधिकारी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे साफ सफाई अभियान के अलावा समाज द्वारा विभिन्न कार्य भी किए जाएंगे। तो वही

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा समाज की कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि अभियान के दौरान सभी घाटों पर साफ सफाई की जाएगी। मुख्यमंत्री की थीम पर यह कार्यक्रम चलाया गया है। सरकार के मंशानुरूप साफ-सफाई अभियान चलाया गया है। वहीं पेड़ लगाने का काम भी होगा इसके साथ ही समाज द्वारा गरीब, बुजुर्ग और बच्चों को कपड़े वितरित का कार्यक्रम भी चलाया जाएगा।





## भू-माफियाओं के आगे प्रशासन बेबस

# अवैध कॉलोनी काटकर जनता की गाढ़ी कमाई क लूट रहे, सुविधाओं के लिए तरस रहे रहवासी

**कलेक्टर का निर्देश पर होगी कार्रवाई**

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

भू-माफियाओं ने अधिकारी कर्मचारियों से इतने बड़े स्तर पर साठ गांठ कर रखी है कि सीएम के द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं उनके आदेश का पालन तो विकासखंड में कहीं होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है चारों तरफअवैध रूप से कॉलोनी का खेल जरूर बड़े ही जोर से चल रहा है। या फिर कहीं की जिम्मेदारों की मिली भगत से ही भूमाफिया इस खेल को अंजाम दे रहे हैं जनता को चूना लगा रहे हैं। इनके हौसले इस समय इतने बुलंद है कि पट्टे की जमीन पर भी अवैध रूप से कॉलोनी आकर ले चुकी है शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं इससे अंदाज लगा सकता है कि जनता के साथ क्या हो रहा होगा शहर के चारों तरफअवैध रूप से कॉलोनी काटकर उन्हें प्लांट बेचकर अपना उल्लू सीधा कर रहा है। अवैध रूप से कॉलोनी काटने वाले प्लांट विक्रय होने के बाद इन कॉलोनी मुड़कर भी नहीं देखते हैं। आज इन कॉलोनियों में रहने रहवासी मूल भूत



सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं इनकी सुनने वाले उल्टा भू-माफियाओं साथ दे रहे हैं। अवैध रूप से कॉलोनी में रहने वाले लोग नगरपालिका से लेकर एसडीएम से शिकायत करते हैं तो वहां से इनको अवैध कॉलोनियों बात कर चल दिया कर दिया जाता है। जबकि जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल जनता के साथ धोखा करने वालों पर प्रकरण दर्ज करवा कर जनता को सुविधा इन अवैध रूप से कॉलोनी काटने वाला उपलब्ध कराना चाहिए पर ऐसा नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हैं जनता परेशान घूम रही है। इकरा कॉलोनी, ग्रीन सिटी, गोल्डन सिटी से लेकर कई कॉलोनियों के रहवासी अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर कार्रवाई के लिए ज्ञापन भी दे चुके हैं। पर भू-माफिया को प्रशासनिक से लेकर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने से इनकी संख्या दिन ब दिन काम होने की बढ़ती जा रही है। आज अवैध रूप से काटी गई कॉलोनी में बिजली पानी से लेकर अन्य सुविधाओं के लिए लोग तरस रहे हैं आने-जाने के लिए रास्ते नहीं है नालियां नहीं होने से गंदगी के कारण कई तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहें हैं बिजली वितरण कंपनी के द्वारा अवैध कॉलोनी में रहने वाले उपभोक्ताओं को अधिक पैसे लेकर कनेक्शन दिए जाते हैं इन्हें बिजली वितरण कंपनी अस्थाई रूप से कनेक्शन देती है इस बजे सब्सिडी का लाभ भी नहीं मिलता है। इनको बिजली वितरण कंपनी के द्वारा हर महीने 2000 से लेकर 3000 का बिल दिया जाता है इसको देखकर इनकी हालत खराब होती है। 70 से अधिक कॉलोनी है - शासन प्रशासन के द्वारा भू-माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए काम नहीं किया इस वजह से इनकी संख्या मैं दिन-ब वृद्धि हो रही है। आज नगर के चारों तरफअवैध कॉलोनी में आकर ले चुकी इनकी संख्या 70 से ऊपर पहुंच गई है। यह सब अबैध से कॉलोनी काटने वालों का कार्रवाई नहीं होने का नतीजा है। यदि समय रहते अबैध रूप से कॉलोनी काटने बालों पर ठोस कार्रवाई की गई होती तो उनकी संख्या बढ़ाने की जगह घट जाती और इनमें रहने वालो को सुविधाएं भी मिल जाती पर ऐसा नहीं हो रहा। जनता को लूटने काम जोरों पर - अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों के द्वारा जनता को अपने झांसे में लेने के लिए पहले तो फंसने के लिए सपने दिखाए जाते लोक लुभावने वादे भी करते हैं पर मतलब निकालने के बाद मुड़कर भी नहीं देखते हैं। इनके द्वारा जनता की मेहनत की कमाई को लंबे समय से लूट रहे हैं शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

**इनका कहना है**

"अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर ने भी निर्देश दिए हैं हम प्रकरण बनाकर भेज रहे हैं साथ ही हम लोगों को जागरूक करने के लिए भी काम करेंगे की जनता इन अवैध कॉलोनी में प्लांट ना खरीदे प्रचार प्रसार भी करेंगे जल्द ही कड़ी कारवाई करेंगे।"

–हर्षल चौधरी, एसडीएम

# दिव्यांश पाल होंगे राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शामिल



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

38वीं राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्कांडो चौंपियनशिप प्रतियोगिता पंचकुला हरियाणा-पंजाब में 28 नवंबर से 2 नवंबर तक ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफइंडिया द्वारा आयोजित की जाएगी, जिसमें मध्य प्रदेश की टीम में दिव्यांश पाल वजन वर्ग अंडर 29 किलोग्राम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंग। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए दिव्यांश पाल मंगलवार को नगर से भोपाल के लिए रवाना हुआ इ भोपाल से पंचकुला हरियाणा के लिए मध्य प्रदेश टीम के साथ रवाना होंगे, वहीं नवंबर माह में 12 से 13 नवंबर को आयु थी 36वीं राज्य स्तरीय सबजूनियर ताइक्कांडो प्रतियोगिता में दिव्यांश पाल ने अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करके मध्य प्रदेश टीम में अपनी जगह बनाई थी,। अब मध्य प्रदेश टीम की ओर से खेलते हुए राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगे उक्त जानकारी आदर्श ताइक्कांडो क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह द्वारा दी गई।

# एलबीएस महाविद्यालय में मना संविधान दिवस, रक्तदान का भी आयोजन, भाषण-पोस्टर प्रतियोगिता, परिचर्चा, मानव श्रृंखला

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्याल में संविधान दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन वह जिसमें सभी ने बढ चढ़कर भाग लिया। संविधान दिवस पर कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एनसीसी, क्रीडा विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने संयुक्त रूप से किया संविधान दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

संविधान पर कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, परिचर्चा, मानव श्रृंखला का निर्माण, संविधान की प्रस्तावना का वाचन और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव थे।

सबसे पहले डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। प्रो. संघप्रिय गौतम ने संविधान के बारे में बताया कि संविधान किसी भी राज्य का सर्वोच्च कानून होता है। जिसमें राजनीतिक व्यवस्था और अधिकारों का वर्णन होता है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. भगवत सिंह पाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदाहरण दे कर बताया कि यह संविधान द्वारा क्रांति का परिणाम है ,जिससे सभी को समान



अधिकार प्राप्त हुए हैं। विश्व इतिहास और विश्व राजनीति में भारत को मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए संवैधानिक जड़ों की महती भूमिका रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लाल चंद्र राजपूत ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर जी जैसा अध्ययन करना चाहिए क्योंकि विकास और परिवर्तन व्यवस्था में योगदान दे कर ही प्राप्त किए जा सकते है।

जन भागीदारी समिति अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव ने कि हमें अंबेडकर जी ने संविधान का बहुत बड़ा अधिकार प्रदान किए गए हैं परंतु हमें उपयोग में लाने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है।

संविधान दिवस पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शीतल नगीना, द्वितीय स्थान कृतिका लखपति एवं तृतीय स्थान वैष्णवी बघेल ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उमा पाल, द्वितीय स्थान रिशिता साहू और तृतीय स्थान राजू अहिरवार ने प्राप्त किया।

संविधान दिवस के अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेश चंद्र परमार द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीस से अधिक शिक्षकों और विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिवम सेन एवं आभार डॉ. कल्पना पंचोली द्वारा किया गया।

# संविधान दिवस पर नगरपालिका में हुआ कार्यक्रम दिलाई शपथ




**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को नगर पालिका परिषद द्वारा संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रसाद साहू ने सभी परिषद के जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारीयों को संविधान के अनुरूप काम करने की शपथ दिलाई। नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ने संविधान दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया इस दौरान पार्षद धर्मेंद्र जैन, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना बाल मुकंद कुशवाहा आदि मौजूद थे। वही इस दौरान नगर पालिका में लंबे समय से निस्वार्थ भाव से पूरी ईमानदारी से कम करने नीलकमल मैना का सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया उनके काम भी सभी ने सराहना की।

# हम्माल, तुलवाट यूनियन ने सिरोंज को जिला बनाने के लिए दिया ज्ञापन

**सिरोंज।** सिरोंज को जिला बनाने की मांग जोर पकड़ी हुई दिखाई दे रही है। पिछले कुछ दिनों से लगातार ज्ञापनों का दौर जारी ऐसी क्रम में मंगलवार को हममाल तुलवाट यूनियन ने एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल को देते यह कहा कि 1956 से पहले भी सिरोंज जिला था वर्तमान में विदिशा जिले की दूर नगरी से 85 किलोमीटर तथा आसपास के ग्रामीणों क्षेत्र की दूरी डेढ़ सौ किलोमीटर से अधिक होने से आम व्यक्ति तो जिले में अपनी फरियाद लेकर पहुंची नहीं पता है। देश का सेंटर पॉइंट भी यहां पर है इसके सारी संभावनाएं सिरोंज को जिला बनाने की है। कुरवाई, शमशाबाद, लटेरी तहसील तथा पथरिया, दीपनाखेड़ा एवं आनंदपुर को तहसील का दर्जा देकर सिरोंज को जिला बनाया विस्तार से सभी तत्व भी रखें हैं। इस दौरान एडवोकेट अवध नारायण श्रीवास्तव कपिल त्यागी, रामकृष्ण, मनोज, बबलू ,नासिर खान , सुरेश जितेंद्र आदि मौजूद थे।

# संविधान दिवस पर कांग्रेसियों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के द्वारा पुरानी बस स्टैंड पर स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पहुंचकर संविधान दिवस पर माल्यार्पण करके नमन किया तथा संविधान दिवस के बारे में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार भी व्यक्त करते हुए संविधान के अनुरूप काम करने की शपथ ली, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव ने संविधान दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहां की कांग्रेस पार्टी ने ही संविधान दिलवाले काम किया था। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान बनकर दिया था। दौरान अशोक यादव, इरशाद गोरी, अशोक त्यागी, अंसार खान आदि मौजूद थे।

## संविधान दिवस पर उद्देशिका का कलेक्टर ने किया वाचन



सिरोंज। संविधान दिवस पर जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में भारत का संविधान उद्देशिका का वाचन किया। जिससे अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित अन्य सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने दोहराया है।

**मेट्रो एंकर** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यातायात सूबेदार रितेश वाघेला ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

# यातायात पुलिस ने किसानों की ट्रालियों में लगाए रेडियम

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को यातायात सूबेदार रितेश वाघेला ने यातायात जागरूकता अभियान मैं कृषि उपज मंडी में किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉली पर रेडियम लगवाए तथा किसान भाइयों और ट्राली बनाने वाले दुकानदार को भी बताया गया कि ट्रॉली पर पीछे साइड में रेडियम अवश्य लगाए जिससे कि रात्रि के समय ट्रैक्टर ट्रॉलियों अंधेरे में दूर से नजर आएंगे तो दुर्घटनाओं से बचा जा सके साथ ही वाहन चौकिंग के दौरान सीट बेल्ट ना लगाना, हेलमेट न पहनें,





तीन सवारी, बिना नंबर वाहन होने पर चालानी कार्रवाई की गई,। यातायात पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को भी बताया गया कि वाहन संबंधी कागजात पूर्ण रखे, बस में इमर्जेंसी खिड़की, मेडिकल बॉक्स, अग्नि शमन यंत्र ठीक हो, सवारी वाहन क्षमता से अधिक सवारी न बैठाए, तेज गति से वाहन न चलाए। वाहन चौकिंग के दौरान पीओएस मशीन द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 11 चालकों से 4900 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया किया गय।

# महज 7 रन पर ढेर हुई आइवरी कोस्ट टीम, नाइजीरिया ने 264 रन से हराया

**नईदिल्ली. एजेंसी**

लागोस (नाइजीरिया). क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, यहां नित नए रेकॉर्ड बनते और टूटते ही रहते हैं। ऐसे ही एक अनचाहा रेकॉर्ड बना आइवरी कोस्ट और नाइजीरिया के बीच खेले गए आइसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप सब रीजनल क्वालीफायर टूर्नामेंट में। यहां नाइजीरिया के 272 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आइवरी कोस्ट की टीम महज 7 रन पर ऑलआउट हो गई जो कि टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम स्कोर है। आइवरी कोस्ट नाइजीरिया के अतिरिक्त 23 रन से भी 16 रन पीछे रह गई। नाइजीरिया ने यह मुकाबला 264 रन से अपने नाम कर लिया।

### नाइजीरिया के सेलिम का शतक

नाइजीरिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सेलिम सलाउ (112), सुलेमान रनसेवे (50) और इसाक ओक्पे (नाबाद 65) की पारियों से नाइजीरिया ने 4 विकेट पर 271 रन का स्कोर बनाया। इसके जवाब में आइवरी कोस्ट की टीम 7.3 ओवर में महज 7 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बाएं हाथ के स्पिनर इसहाक दानलाडी और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रॉस्पर उसेनी ने क्रमश- तीन-तीन विकेट लिए। इसके अलावा, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज पीटर अहो ने दो और सिल्वेस्टर ओक्पे ने एक विकेट लिया।

### 7 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके

आइवरी कोस्ट की ओर से 11 में से 7 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। टीम की ओर से सर्वाधिक 4 रन ओपनर औटारा मोहम्मद ने बनाए। इस तरह नाइजीरिया ने टी-20 इतिहास में रनों के लिहाज से तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। सेरा लिओन के खिलाफ हुए पहले मैच में भी आइवरी कोस्ट की टीम 21 रन पर ऑलआउट हो गई थी।




### भारत वहां जाने से मना कर चुका, PCB हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार नहीं

# चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, फैसला 29 को

**नईदिल्ली. एजेंसी**





चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत फरवरी 2025 में हो सकती हैं। अगले साल फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, इसका फैसला 29 नवंबर को होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने दुबई में बोर्ड मीटिंग बुलाई है। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलने के बाद भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर वहां जाने से मना कर दिया था। तब यह माना जा रहा था कि एशिया कप की तरह चैंपियंस ट्रॉफी भी हाइब्रिड मॉडल पर होगी।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पहले भारत के सभी मैच लाहौर में कराने और मैच के बाद खिलाड़ियों को भारत भेजने का प्रस्ताव रखा था। भारत ने इसे नहीं माना तो ने हाइब्रिड मॉडल के लिए भी मना कर दिया। मीटिंग में हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रख सकता है, अगर पीसीबी ने इसे नहीं माना तो उससे मेजबानी छिन सकती है। भारत पर पाकिस्तान जाकर खेलने का दबाव बनाने के चांस कम ही हैं। पाकिस्तान ने स्टेडियम का रीकंस्ट्रक्शन कराया पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर लगातार तैयारी कर रहा है। पीसीबी ने तीनों स्टेडियम का काम तकरीबन पूरा कर लिया है। उन्होंने लाहौर, कराची और रावलपिंडी स्टेडियम के रेनोवेशन पर 12.5 बिलियन पाकिस्तान रुपए खर्च किए हैं। इस बीच, भारत सरकार ने पहले ही अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। बताया था कि टीम टूर्नामेंट को पाकिस्तान में नहीं खेलेगी। यदि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल पर नहीं मानता है, तो फिर टूर्नामेंट दूसरे देश में शिफ्ट हो सकता है।

टीम इंडिया को पाकिस्तान न भेजने की वजह बताएं आईसीसी ने बीसीसीआई से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान न भेजने के लिए लिखित में जवाब मांगा था। पाकिस्तानी चैनल जियो न्यूज की रिपोर्ट के हवाले से लिखा, पीसीबी ने आईसीसी से भारत के जवाब की लिखित कॉपी मांगी है। पाकिस्तान क्यों नहीं आ सकता भारत पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम इंडिया के पाकिस्तान न जाने को लेकर आईसीसी से जवाब मांगा था। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, स्पोक्सपर्सन ने बताया था पाकिस्तान में सुरक्षा की दिक्कत नहीं है। इसीलिए न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमों ने यहां का दौरा किया था। जब ये टीमें आ सकती हैं तो टीम इंडिया क्यों नहीं?

पिछले साल सितंबर में एशिया कप खेला गया था। पाकिस्तान को इसकी मेजबानी मिली थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद ष्ट्ठ ने यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में कराया। भारत के सभी मुकाबले श्रीलंका में खेले गए और बाकी टूर्नामेंट पाकिस्तान में हुआ। पाकिस्तान ने भारत से अपना मुकाबला श्रीलंका में खेला था।

वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत आई थी पाकिस्तान टीम पाकिस्तान की टीम पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। इस मैच को भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीता था। कप्तान रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर ने फिफ्टी जमाई थी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। उन्होंने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे। भारत का आखिरी पाकिस्तान दौरा 2008 में- टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था।

# भारत लगातार दूसरी बार बना चैंपियन



**थिम्पू (भूटान). एजेंसी**

भारत की फुटबॉल टीम ने फाइनल में बांग्लादेश को 2-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप का अपना खिताब बरकरार रखा। मैच का पहला हाफ भारत के ग्रुप लीग मैच जैसा ही था। जहां भारतीय खिलाड़ी लगातार हमलावर रहे। वहीं बांग्लादेश के छह खिलाड़ी डिफेंस में लगे रहे। इसके बाद मोहम्मद कैफ ने 58वें मिनट में हेडर से बेहतरीन गोल करके भारत को बढ़त दिलाई।

**अरबाश ने बाएं पैर से दागा गोल:** मैच के 95वें मिनट में मोहम्मद अरबाश ने बाएं पैर से शानदार गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। मैच के दौरान केवल एक बार बांग्लादेश भारतीय गोल के करीब पहुंचा। लेकिन गोलकीपर सूरज सिंह ने सफलतापूर्वक बचाव कर लिया।

## निशानेबाजी: भारत के पार्थ माने चमके, दो स्वर्ण पदक किए हासिल

**लीमा. एजेंसी**

पार्थ राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरे स्वर्ण पदक अपने नाम किए। आइएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता।

**महिला टीम भी विजेता:** गौतमी भालोट, शांभवी क्षीरसागर और अनुष्का थोकुर की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में 1894.8 के संयुक्त स्कोर के साथ नया जूनियर विश्व रेकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता।

## भारतीय महिला टीम ने द.अफ्रीका को हराया

**दुबई. एजेंसी**

भारतीय महिला टीम ने आइसीसी टी-20 विश्व कप से पूर्व अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को 28 रन से हरा दिया। मंगलवार को यहां खेले गए मैच में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 144 रन बनाए, जिसमें रिचा घोष ने 36, दीप्ति शर्मा ने नाबाद 35 और जेमिमा रोड्रिग्ज ने 30 रन का योगदान किया। जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 116 रन ही बना सकी।भारतीय गेंदबाजों ने बेहद किफायती गेंदबाजी की।



## मेट्रो बाजार

# कर्ज में डूबा सैलरीड क्लास! क्रेडिट कार्ड से खर्च 2 लाख करोड़ के पार




**नईदिल्ली. एजेंसी**

भारत का नौकरीपेशा वर्ग पहले के मुकाबले और ज्यादा कर्ज में डूबता जा रहा है। आरबीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर में त्योहारों के कारण क्रेडिट कार्ड से खर्च 14.5 फीसदी बढ़कर पहली बार 2 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया। वहीं बैंकबाजार के एस्पिरेशन इंडेक्स के मुताबिक, भारत में नौकरी करने वाले ज्यादातर लोगों के ऊपर 25 लाख रुपए तक का कर्ज है। 25 लाख तक के लोन लेने वालों का आंकड़ा 91.2 फीसदी हो चुका है। पिछले साल तक यह आंकड़ा 88 फीसदी था। केवल 13.4 फीसदी नौकरीपेशा कर्जमुक्त हैं, जिनकी संख्या 2022 में 19 फीसदी थी। घर खरीदना प्राथमिकता सर्वे के अनुसार, भारतीय वर्कफोर्स में घर खरीदना सबसे पहली प्राथमिकता है। इसके बाद सैलरीड क्लास स्वास्थ्य, रिश्तों, प्रसिद्धि व तरक्की पर पैसा खर्च करना चाहते हैं। युवाओं में अपना रोजगार करने की चाहत भी बढ़ी है। वो अपना स्टार्टअप करना चाहते हैं। इस मामले में महिलाएं आगे हैं। पूर्वी भारत में नौकरी करने वाले एजुकेशन लोन, दक्षिण भारत में कार लोन और उत्तर एवं पश्चिम भारत में होम लोन ज्यादा लेना चाहते हैं। सर्वे के अनुसार, लोन और क्रेडिट कार्ड जैसे फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल सबसे ज्यादा नौकरी कर रहे लोग ही करते हैं। साथ ही ये ऑनलाइन खरीदारी भी करते हैं।

# एफएंडओ ट्रेडिंग में कॉन्ट्रैक्ट साइज होगा तिगुना, डेली एक्सपायरी बंद

**मुंबई, एजेंसी.** फ्यूचर्स एंड ऑप्शन (एफएंडओ) के वॉल्यूम में आ रही तेजी और इसमें छोटे निवेशकों को बड़े घाटे से चिंतित सेबी ने निवेशकों की सुरक्षा और बाजार की स्थिरता के लिए एफएंडओ के नियम सख्त किए हैं। नए नियम चरणबद्ध तरीके से प्रभावी होंगे। इससे एफएंडओ की तेजी पर अंकुश लगने की उम्मीद है। सेबी ने से फ्यूचर्स एंड ऑप्शन ट्रेडिंग के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइज को तिगुना कर दिया है। साथ ही अनिवार्य कर दिया है कि प्रत्येक एक्सचेंज में सप्ताह में केवल एक सूचकांक के लिए ही डेरिवेटिव अनुबंध होगा। डेली एक्सपायरी बंद हो जाएगी। डेरिवेटिव्ज कांट्रैक्ट का मिनिमम ट्रेडिंग अमाउंट 15 लाख रुपए होगा, जो अभी 5 से 10 लाख रुपए के बीच है। इसके बाद दूसरे चरण में इसे बढ़ाकर 15 से 20 लाख रुपए किया जाएगा। सभी 5 दिन के बजाय एक्सपायरी की संख्या को प्रति स्टॉक एक्सचेंज सप्ताह में एक तक सीमित होगा। इससे वीकली ऑप्शंस की संख्या 18 से घटकर 6 रह जाएगी। आइआइएफएल सिक्योरिटीज के मुताबिक, वीकली एक्सपायरी को प्रति एक्सचेंज 1 कॉन्ट्रैक्ट तक सीमित करने से बाजार के वॉल्यूम में 35त्न तक गिरावट आने की संभावना है। कॉन्ट्रैक्ट के साइज को 3 गुना बढ़ाने और 6 महीने बाद 4 गुना करने से रिटेल पार्टिसिपेशन प्रभावित होगी और एफएंडओ में एक्टिव ट्रेडर्स की संख्या कम हो सकती है।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना


# अनन्या बोलीं- मुझे लगता है कि मेरा नाम वास्तव में मेरा नहीं है, यह मुझे तीसरे व्यक्ति जैसा महसूस कराता है..

अभिनेत्री अनन्या अपनी फिल्मों और स्टाइलिश लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। अनन्या ने हाल ही में इम्पोस्टर सिंड्रोम से ग्रसित होने की बात कही है। अनन्या पांडे ने बताया कि खुद को पोस्टर या बिलबोर्ड पर देखकर वो भूल जाती हैं कि वो खुद उस पोस्टर में हैं। इस सिंड्रोम का शिकार हैं अनन्या पांडे एक बातचीत के दौरान अनन्या पांडे ने कहा कि वह किस तरह से अपने स्टारडम और प्रसिद्धी को अपनाती हैं। अनन्या ने कहा, ये सिंड्रोम किसी साधारण सी बात से शुरू होती है, जैसे कि जब कोई मेरा नाम लेता है। इंटरव्यू और अन्य चीजों के दौरान, मुझे लगता है कि मेरा नाम वास्तव में मेरा नहीं है, और यह मुझे तीसरे व्यक्ति जैसा महसूस कराता है। जब ऐसा होता है तो मुझे अचानक किसी और की तरह बनने का मन करता है। अनन्या ने कहा कि जब मैं खुद को किसी बिलबोर्ड में देखती हूं तो मुझे लगता है कि ये मैं नहीं हूं। कई बार ऐसा फिल्मों को देखकर भी लगता है। मैं इसे एक दर्शक की तरह ही देखती हूं। मैं भूल जाती हूं कि सामने मैं ही नजर आ रही हूं।



# एक्टर केके मेनन अपने अभिनय कौशल के दम पर दर्शकों के दिल पर छा गए

जब भी बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकारों का नाम लिया जाएगा, उस लिस्ट में केके मेनन का नाम जरूर आएगा। अपने शानदार और जीवंत अभिनय के लिए मशहूर अभिनेता केके मेनन ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक कई बेहतरीन फिल्में की हैं। अभिनेता अपने कौशल के दम पर लाखों दिलों पर राज करते हैं। केके मेनन ने अभिनय की शुरुआत थिएटर से की थी। उन्होंने पहली बार थिएटर में दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के साथ काम किया। एक लंबा समय थिएटर को देने के बाद साल 1995 में फिल्म 'नसीम' से उन्हें पहला ब्रेक मिला। हालांकि, इस फिल्म में उनका किरदार छोटा था, लेकिन इस फिल्म के बाद उन्होंने कई शानदार फिल्में की और अपने अभिनय कौशल के दम पर दर्शकों के दिल पर छा गए। सिर्फ फिल्मों में ही नहीं अभिनेता टीवी शोज में भी अपने अभिनय का कमाल दिखा चुके हैं। अभिनेता ने 'प्रधान मंत्री', 'लास्ट ट्रेन टू महाकाली', 'जेबरा 2' जैसे शोज में भी अपना जलवा दिखाया है। अभिनेता जब थिएटर कर रहे थे, उसी दौरान उन्होंने अभिनेत्री निवेदिता भट्टाचार्य से शादी की। अभिनेत्री उनके संघर्ष के दिनों से ही साथ है। बता दें कि निवेदिता टीवी के दुनिया में सक्रिय रहती हैं।



*तारा सुतारिया भले ही बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री है, लेकिन इस समय उनके हाथ में प्रोजेक्ट्स की कमी नजर आ रही है। प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोरने वाली तारा पिछले दिनों अपने कथित एक्स बॉयफ्रेंड आदर जैन की सगाई को लेकर चर्चा में थीं। हालांकि, इसके बाद तारा का नाम अभिनेता अरुणोदय सिंह के साथ जुड़ने लगा। अब अभिनेत्री ने खुद चुप्पी तोड़ इन सभी अफवाहों पर विराम लगाया है। बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया ने हाल ही में अभिनेता अरुणोदय सिंह के साथ डेटिंग की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। कुछ दिनों पहले अफवाह आई थी कि वह अभिनेता के साथ रिश्ते में हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक नहीं किया था और यह पहली बार है जब तारा ने डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है।*



# तारा सुतारिया ने कहा- वह सिंगल है...

तारा ने अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि वह सिंगल हैं। अभिनेता के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए तारा ने कहा, अरुणोदय मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और मैं सिंगल हूं। इससे पहले सामने आई एक रिपोर्ट ने पुष्टि की कि तारा अरुणोदय को डेट कर रही हैं और यह भी दावा किया कि दोनों डेढ़ साल से एक साथ हैं। वही, कथित तौर पर तारा इससे पहले रणबीर कपूर के चचेरे भाई अदार जैन को डेट कर रही थीं और दोनों ने अपने रिश्ते को आधिकारिक भी कर दिया था, हालांकि यह रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला। वर्कफ्रंट की बात करें तो तारा ने करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

# घर के पास पेड़ पर युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित कृष्णाधाम बस्ती में रहने वाले एक युवक ने घर से कुछ दूरी पर पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसकी लाश बस्ती के कुछ लोगों ने पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटकी देखकर परिजन को जानकारी दी। परिजन उसे फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है और उसकी सीडीआर निकलवाई जा रही है। पुलिस ने बताया कि कृष्णाधाम बस्ती में निवासी विशाल उर्फ राजा लोधी (22) सेमरा अशोका गार्डन में पार्किंग में काम करता था। सोमवार को वह काम से घर लौटा और परिजन के साथ खाना खाने के बाद सो गया। रात में परिजन को पता नहीं चला कि वह घर से कब उठकर निकला। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे कुछ लोगों की नजर पड़ी तो विशाल को उन्होंने पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका देखा। लोगों ने उसके पिता को घटना की जानकारी दी।



### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल। रातीबड़ में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्मत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक जगदीश सिंह पिता माधव सिंह (25) ग्राम बड़झिरी रातीबड़ में रहता था और मजदूरी करता था। मंगलवार की सुबह परिजन नींद से जागे तो जगदीश अपने कमरे में नहीं था। आसपास तलाश करने पर जगदीश घर से कुछ दूरी पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

**रातीबड़ स्थित त्रिशूल क्रेशर पर हुआ हादसा**

# क्रेशर में फंसने से ऑपरेटर की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित मालीखेड़ी में त्रिशूल क्रेशर पर बीती रात दर्दनाक हादसे में क्रेशर ऑपरेटर की मौके पर ही मौत हो गई। दरअसल, देर रात करीब साढ़े 11 बजे आपरेटर मशीन के पास खड़े होकर काम कर रहा था, तभी उसके कपड़े मशीन में फंस गए और वह मशीन में लिपट गया। जब तक अन्य लोगों की नजर पड़ती काफी देर हो चुकी थी। आनन-फानन में मशीन को बंद किया, लेकिन आपरेटर की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। इलाहबाद से परिजन के पहुंचने के बाद उसका पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार रविकांत पिता अजय कुमार (32) नाथू बरखेड़ा रातीबड़ में रहता था।



रविकांत मूलतः सरोली, बनारस, जिला इलाहबाद का रहने वाला था। वह नाथू बरखेड़ा में पत्नी के साथ रह रहा?था और त्रिशूल क्रेशर में क्रेशर ऑपरेटर की नौकरी कर रहा था। मंगलवार रात करीब साढ़े 11 वह मशीन के पास खड़े होकर काम कर रहा था। मशीन चल रही थी। ठंड से बचने के लिए रविकांत ने शॉल समेत दुपट्टा बांध रखा?था। अचानक ठंड के कपड़े पास ही घूम रही मोटर में फंस गए। बड़ी मोटर में कपड़े फंसने के कारण वह मोटर में फंसकर घूमने लगा। कुछ दूरी पर खड़े मजदूरों की नजर पड़ी तो वह दौड़कर स्वीच रूम में गए और क्रेशर मशीन को बंद किया गया। हेवी मोटर बंद करते तक काफी समय हो चुका था और उसकी मौत हो चुकी थी।

### डायल 100 दी सूचना

देर रात क्रेशर मशीन से डायल 100 को सूचना मिली थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया था। मृतक की पत्नी को घटना की जानकारी नहीं दी है। साथ काम करने वाले मजदूरों से रविकांत के इलाहबाद स्थित परिजन से संपर्ककरने के बाद उन्हें घटना की जानकारी दी गई?है। वे इलाहबाद से भोपाल निकल गए थे।

### थाना मोबाइल से टकराकर बाइक सवार युवक घायल

भोपाल। जहांगीराबाद इलाके में सड़क किनारे खड़ी थाना मोबाइल से टकराकर बाइक सवार एक युवक घायल हो गया, जबकि उसके साथ मौजूद बच्चे को भी चोट आई है। पुलिस ने बाइक चालक को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उसके खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार एएसआई राकेश गुर्जर 25 नवंबर की रात थाना मोबाइल के साथ गश्त कर रहे थे। कई इलाकों में वैकिंग करते हुए रात करीब डेढ़ बजे वह डीमार्ट चौकी के पास पहुंचे, जहां चार्ली जवान खड़े हुए थे। जवानों को चेक करने के लिए उन्होंने थाना मोबाइल को चौकी के पास सड़क किनारे रुकवाया और जवानों से बातचीत कर गश्त की पोजीशन पता लगने लगे। इसी दौरान मोबाइल में पीछे से किसी वाहन के टकराने की जोरदार आवाज आई। राकेश ने नीचे उतरकर देखा तो बाइक सवार एक युवक और उसके साथ माजूद एक बच्चा नीचे पड़े थे, जबकि टक्कर मारने से मोबाइल की बैक लाइट टूट गई थी।

### फोर्स को साइबर अपराध रोकने के लिये तकनीकी प्रशिक्षण

भोपाल। वर्तमान में दिनोंदिन साइबर अपराधों में वृद्धि हो रही है, जो कि आमजनों की समस्या के साथ ही पुलिस ले लिए भी बहुत बड़ी चुनौती बन गई है। इससे निपटने के लिए भोपाल शहर के सभी थानों में 1 दिसंबर से साइबर हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया जा रहा है। फिलहाल आम लोगों को साइबर धोखाधड़ी की शिकायत के लिए साइबर शाखा जाकर आवदेन देना पड़ता है। राजधानी में एक ही साइबर थाना है और अधिकतर थानों से काफी दूर है, जिससे पीड़ितों को शिकायत के लिए साइबर थाने जाने में काफी समय लगता और परेशानी होती थी। विगत कुछ वर्षों में साइबर अपराधों में बेतहाशा वृद्धि होने से साइबर शाखा की शिकायतें पेंडिंग हो रही थी। इन सभी बिंदुओं को देखते हुए 1 दिसंबर से आवेदक, पीड़ित 5 लाख रुपये तक की धोखाधड़ी अथवा ठगी की शिकायत संबंधित थानों में कर सकेंगे। जल्द शिकायत होने से पीड़ित का पैसा साइबर पुलिस त्वरित कार्यवाही कर होल्ड करेगी और रिफंड होने की संभावना काफी बढ़ जाएगी। कर्मचारियों को किया जा रही प्रशिक्षित पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को साइबर अपराध से जुड़ी तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस में एनसीआईआरपी, जेएमआईएस और सीईआईआर पोर्टल तथा साइबर क्राइम की रोकथाम, टेक्निकल एनालिसिस, पब्लिक अवेयरनेस, इन्वेस्टिगेशन इत्यादि से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। डीसीपी क्राइम अखिल पटेल और एडिशनल डीसीपी क्राइम शैलेंद्र सिंह चौहान ने साइबर क्राइम अनुसंधान में आने वाली तकनीकी दिक्कतें, दीगर प्रदेशों से समन्वय एवं डिजिटल साक्ष्य के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी एवं अनुभव साझा किए।

**शहर में कई स्थानों से वाहन चोरी**

# मोबाइल पर बात करते वक्त स्कूटर चोरी अंडे खा रहे युवक का दोपहिया गायब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में सक्रिय वाहन चोर पलक झपकते ही दोपहिया वाहन चोरी कर उड़ जाते हैं। श्यामला हिल्स इलाके में आधी रात को मोबाइल पर बात कर रहे एक व्यवसायी की स्कूटर चोरी चली गई, वहीं हनुमानगंज इलाके में ठेले पर अंडे खा रहे एक युवक की स्कूल बदमाश ने उड़ा ली। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार श्याम कुमार सबनानी (33) शिवाजी वार्ड गांधी नगर में रहते हैं और रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाते हैं। बीते दिवस रात करीब सवा बारह बजे वह स्कूटर से घर लौट रहे थे। किलोल पार्क के पास उनके मोबाइल की घंटी बजी तो उन्होंने सड़क किनारे स्कूटर रोकी और बातचीत करने लगे। बातचीत करते हुए वह कुछ दूरी तक चले गए। बात समाप्त होने के बाद वह स्कूटर के पास वापस लौटे तो स्कूटर गायब हो चुकी थी। उन्होंने श्यामला हिल्स थाने जाकर वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर आरिफ नगर में रहने वाले असलम खान (35) भोपाल टाकीज के पास फुटपाथ पर क्राकरी की दुकान चलाते हैं। रविवार की रात करीब एक बजे वह स्कूटर से घर लौट रहे थे। काजीकैंप स्थित पेट्रोल पंप के पास लगे अंडे के ठेले पर स्कूटर रोकी और अंडे खाने लगे। कुछ देर बाद देखा तो उनकी स्कूटर चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



उधर शादी गार्डन की पार्किंग की बाइक चोरी कोहेफिजा स्थित शादी गार्डन की पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने बताया कि राकेश कछवाय (48) चौकी इमामबाड़ा कोतवाली में रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। चार दिन पहले वह अपने परिवार के साथ लालघाटी स्थित सुंदरवन कोहिनूर शादी गार्डन में एक शादी में शामिल होने गए थे। रात करीब नौ बजे राकेश ने अपनी बाइक गार्डन की पार्किंग में खड़ी की थी। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह घर जाने के लिए पार्किंग में पहुंचे तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो थाने जाकर केस दर्ज करवाया।

### बिट्टन मार्केट से बाइक चोरी

बिट्टन मार्केट से बाइक गई इसी तरह निर्मल स्टेट लैंडमार्क में रहने वाले शैलेंद्र मालवीय (33) टिफिन सेंटर चलाते हैं। पिछले दिनों वह सब्जी खरीदने के लिए बिट्टन मार्केट गए थे। उन्होंने अपनी मोटर सायकिल को मेट्रे प्लाजा के सामने लॉक करके खड़ी की और बाजार में सब्जी खरीदने चले गए। कुछ देर बाद वापस लौटे तो उनकी बाइक चोरी हो चुकी थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने हबीबगंज थाने जाकर वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### हमीदिया अस्पताल से बाइक चोरी

हमीदिया अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने बताया कि मोहन सिंह (50) अमलतास कालोनी फंदाकला में रहते हैं और हमीदिया अस्पताल में काम करते हैं। तीन दिन पहले वह ड्यूटी पर पहुंचे और बाइक को इमरजेंसी वार्ड की साईड में खड़ी करने के बाद काम पर चले गए। दोपहर करीब दो बजे बाहर निकले तो उनकी बाइक गायब हो चुकी थी। तलाश करने के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

**कोलार का मामला, हत्यारों का नहीं लगा सुराग**

# धारदार हथियार से युवक की हत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित होली क्रॉस चौराहा, सेमरी रोड से पुलिस ने सड़क किनारे झाड़ियों से एक युवक की लाश बरामद की थी। मंगलवार को युवक की पहचान कर ली गई। हालांकि उसकी हत्या करने वाले हत्यारों का पुलिस पता नहीं लगा सकी है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार सोमवार को सूचना मिली कि होलीक्रास स्कूल चौराहा स्थित सेमरी गेट के पास झाड़ियों में एक व्यक्ति की खून से लथपथ शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। मृतक के पास पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला था। मृतक बदन पर काले रंग की जाकेट, सफेद रंग की लाइन वाली शर्ट, नीले रंग का इनर, सफेद बनियान, ग्रे कलर का पैंट, काला बेल्ट, नीले रंग कि अंडर वियर, काले रंग के लेदर के जूते तथा मोजे पहने हुए था। उसके के चेहरे पर धारदार हथियार के 3-4 गहरे घाव दिखाई दे रहे थे। घटनास्थल पर बजाज कंपनी का एक छोटा सिलेंडर



और एक चूल्हा पड़ा हुआ मिला था। शव की पहचान के लिए पुलिस ने फोटो और वीडियो इलाके में लोगों को दिखाए और सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किए थे।

### मिस्त्री के रूप में हुई मृतक की शिनाख्त

मंगलवार को मृतक की पहचान राकेश लड़िया पिता जगदीश लड़िया (34) निवासी बड़ा मोहल्ला महराजपुर, तहसील देवरी जिला सागर के रूप में हुई। वह अपनी पत्नी रेखा लड़िया और दो बच्चों के साथ कजलीखेड़ा कोलार रोड पर रहता था और मिस्त्री का काम करता था। सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए फोटो और हुलिए के आधार पर पुलिस ने मजदूरों के पीठे पर जाकर पूछताछ की थी। इस दौरान पता चला कि उक्त व्यक्ति को दुकान पर सामान खरीदते हुए देखा गया था और वह मिस्त्री का काम करताथा।

### डीजे वाहन चालक पर केस दर्ज

भोपाल। अशोका गार्डन इलाके में तेज आवाज में डेजी बजा रहे एक डीजे वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने कोलाहल अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार की शाम करीब सात बजे सूचना मिली कि अस्सी फीट रोड अशोका गार्डन पर एक व्यक्ति काफी तेज आवाज में डीजे बजा रहा है, जिससे आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसको लेकर एक वीडियो भी पुलिस को भेजा गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने डीजे वाहन चालक से डीजे बजाने की अनुमति मांगी तो उसके पास नहीं मिली। उसके बाद पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ शासकीय आदेश का उल्लंघन करने पर कोलाहल अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**मेट्रो एंकर**

**देहात पुलिस ने जारी किया डायवर्ट रूट प्लान**

# इज्तिमा स्थल की तरफ भारी वाहन प्रतिबंधित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी इज्तिमा का आयोजन राजधानी भोपाल के ईंटखेड़ी स्थित घासीपुरा में किया जा रहा है। इसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। इज्तिमा के दौरान इलाके में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसको लेकर देहात पुलिस ने डायवर्ट रूट प्लान तैयार किया है। सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले भोपाल बैरसिया मार्ग को बदले हुए रूट से चलाया जाएगा। देहात पुलिस के मुताबिक 77वां आलमी तब्लीगी इज्तिमा 29 नवंबर से 2 दिसंबर 2024 तक आयोजित होगा। इसमें स्थानीय एवं बाहरी इलाकों से हजारों जमातें शामिल होती हैं। आगामी 2 दिसंबर को दुआ की नमाज अदा की जायेगी, जिसमें लाखों की संख्या मे मुस्लिम धर्मावलंबी सम्मिलित होंगे। बड़ी संख्या में भीड़भाड़ होने से रास्तों में जाम की स्थिति बनती है। इसको देखते हुए 29 नवंबर की सुबह 10 बजे से 2 दिसंबर की रात 8 बजे तक इज्तिमा स्थल तक सभी प्रकार के भारी वाहनों एवं यात्री बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। 1 दिसंबर की रात 8 बजे से 2 दिसंबर की रात 8 बजे तक इस इलाके में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।



### इज्तिमा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अफसरों ने ली बैठक

ईंटखेड़ी स्थित घासीपुरा में 29 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इज्तिमा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष पुलिस महानिदेशक विजय कटारिया, पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र, पुलिस महानिरीक्षक देहात अभय सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने मंगलवार को इज्तिमा स्थल, तैयारियां, रूट व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उसके बाद पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में इज्तिमा कमेटी के पदाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सभी प्रकार की व्यवस्थाओं के साथ ही बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर की जाने वाली व्यवस्थाओं पर बिंदुवार चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रूपरेखा बनाई गई।

### इस प्रकार होगी आवागमन की सुविधा

इज्तिमा स्थल (घासीपुरा-ईंटखेड़ी) की ओर आने वाली सवारी बसों का बैरासिया से ईंटखेडी तक रोड पर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। गुना-शिवपुरी, अशोकनगर से बैरसिया होकर भोपाल आने वाली यात्री बसें मकसूदनगढ़-गुना ब्यावरा से होकर भोपाल आएगी। इसी प्रकार नजीराबाद, सिरोंज, विदिशा से आने वाली बसें भोजापुरा जोड़ से अहमदपुर-दोराहा होकर परवलिया-मुबारकपुर से भोपाल आएंगी। ः- भोपाल से गुना-शिवपुरी-अशोकनगर-बैरसिया होकर जाने वाली यात्री बसें मुबारकपुर-परवलिया-दोराहा-अहमदपुर-भोजापुरा जोड़ से आना-जाना करेंगी। ः- गुनगा, बैरसिया ईंटखेडी क्षेत्र के क्रेशरों और कोपरा में चलने वाले डंफर एवं समस्त कर्मिशयल लोडिंग वाहन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे।

# हथियारों की खरीद फरोख्त में 2 गिरफ्तार

**एक पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

क्राइम ब्रांच ने हथियारों की खरीद-फरोख्त के मामले में 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस जब्त किया गया है। इसके पहले पुलिस ने एक बदमाश को अवैध पिस्टल के साथ पकड़ा था। उसकी निशानदेही पर हथियार बेचने और खरीदने वालों को दबोचा गया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक पिछले दिनों एक युवक यासिन मलिक उर्फ शोवी (22) निवासी बीडीए कालोनी, प्राइम हाईट्स मल्टी कोहेफिजा को गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से एक पिस्टल और दो कारतूस जब्त हुए थे। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उक्त पिस्टल उसने



करीब तीन महीने पहले जहांगीराबाद निवासी अरीब से खरीदा था। पुलिस ने अरीब मोहम्मद खान (22) निवासी जिंसी जहांगीराबाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। आगे पूछताछ में अरीब ने बताया कि एक पिस्टल और एक कारतूस उसने सुभाष नगर निवासी सोहेल खान को बेचा था। पुलिस ने सोहेल खान (21) निवासी केपिटल पेट्रोल पप के पास न्यू सुभाष नगर को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अरीब से पिस्टल और कारतूस खरीदना स्वीकार किया, जिसके बाद उसकी स्कूटर की डिग्गी से हथियार जब्त किया गया।

### फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले युवक को पीटा

भोपाल। कोतवाली इलाके में फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले एक युवक के साथ दो युवकों ने मारपीट कर दी। युवक जान बचाने के लिए घर की तरफ भागा तो रास्ते में उसका मोबाइल फोन कहीं गिर गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक असरार हसन (24) जीपीओ के पीछे रहता है और फुटपाथ पर मोबाइल एसेसरीज की दुकान लगाता है। सोमवार रात करीब आठ बजे वह दुकान पर था, तभी शिराज और हमजा पहुंचे और पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। असरार ने गाली देने से मना किया तो दोनों उसके साथ मारपीट करने लगे।

### ट्रैफिक आरक्षक के साथ मारपीट कर फाड़ी वर्दी

भोपाल। चिरायु अस्पताल के पास ट्रैफिक व्यवस्था में लगे एक आरक्षक के साथ बाइक सवार युवक ने मारपीट करते हुई वर्दी फाड़ दी और बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरक्षक की रिपोर्ट पर बाइक सवार अज्ञात युवक के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और मारपीट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरक्षक दिनेश धुर्वे (36) ट्रैफिक थाने में पदस्थ है। सोमवार को उनकी ड्यूटी फतेहगढ़ इलाके में लगी हुई थी। शाम करीब छह बजे फतेहगढ़ से चिरायु अस्पताल मालीपुरा की तरफ जाने वाली सड़क पर जाम लग रहा था। दिनेश उक्त जाम को क्लीयर करवाने में लगे हुए थे। इसी दौरान लाल रंग की बाइक पर सवार एक युवक पहुंचा, जिसके आगे कार चल रही थी। दिनेश ने उक्त कार को रोक दिया और चिरायु अस्पताल से फतेहगढ़ की जाने वाली गाड़ियों को निकलवाने लगे। इसी बीच उक्त बाइक सवार ने कार को ओवरटेक किया और चिरायु की तरफ जाने लगा। दिनेश ने उसे बोला कि एक मिनट के लिए रुक नहीं सकते थे क्या। इतना कहने के बाद वह वापस यातायात व्यवस्था में लग गए, जबकि बाइक सवार चिरायु अस्पताल की तरफ चला गया। वापस लौटने के बाद उसी मारपीट करीब दस मिनट बाद बाइक सवार युवक वापस लौटा और दिनेश के साथ गाली-गलौज करने हुए झूमाझटकी करने लगा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक राजेश सिरोठिया द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे* आरएन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन : 0755-4917524, 2972022